4. ग्राहकों से प्राप्त होने वाले 1,24,647.66 लाख रुपये के संदर्भ में भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन में नोट सं. 21 के लिए संदर्भ आमंत्रित किया जाता है। व्यक्तिगत खातों की समीक्षा से पता चला कि ऐसे कई ग्राहक हैं जिन पर, वर्ष के समाप्त होने पर, 3 वर्ष से भी अधिक से बकाया है। इनमें से ज्यादातर अग्रिम सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और भारत सरकार के मंत्रालयों से लिया गया है और कंपनी द्वारा विभिन्न बैंकों में अलग–अलग ब्याज दरों एवं मैच्युरिटी प्रोफाइल पर सावधि जमा में निवेश कर दिया गया है। इस तथ्य को ध्यान में रख कर कि उपभोक्ता से मिलने वाले अग्रिम का प्रयोग नहीं किया गया और उसे सावधि जमा में निवेश कर दिया गया, प्रबंधन को ऐसे प्रत्येक अग्रिम एवं वापसी की, हर एक उपभोक्ता के साथ किए गए अनुबंध की नियमों एवं शर्तों के आधार पर समीक्षा करने की आवश्यकता है। ऐसे हर एक अग्रिम से संबंधित दस्तावेजों, अनुबंधों और विवरणों के न होने पर पूर्ववर्ती पैरा में संदर्भित मामलों का, इस तरह के विवरण के परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों/देनदारियों और/या आय/व्यय पर पड़ने वाला समग्र प्रभाव का वर्तमान में पता लगा पाना संभव नहीं है।	एनआईसीएसआई को विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से हजारों नए खरीद आदेश मिलते हैं। उन आदेशों से संबंधित गतिविधियों को पूरा करने के बाद, एनआईसीएसआई ने अंतिम लेखा निपटान विवरण तैयार किया और संबंधित उपयोगकर्ता को भेज दिया ताकि अतिरिक्त व्यय के खिलाफ धनराशि की प्रतिपूर्ति की जा सके या उसमें खर्च नहीं की गई धनराशि की वापसी हेतु बैंक विवरण दिया जा सके। हालांकि कुछ उपयोगकर्ताओं ने बैंक विवरण भेजे लेकिन कई मामलों में ये नहीं भेजे गए और इसलिए खर्च नहीं की गई धनराशि अभी भी एनआईसीएसआई के पास है। हालांकि, लेखापरीक्षा की जांच के अनुसार, एनआईसीएसआई ऐसे मामलों की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा करेगी और जल्द–से–जल्द खर्च नहीं हुई धनराशि उपयोगकर्ता को वापस करने का प्रयास करेगी।
5. किए गए कार्य से संबंधित राजस्व, जिसके लिए 496.91 लाख रुपये के खर्च किए गए थे, वित्त वर्ष 2019–20 में आय एवं व्यय खाता के विभिन्न मदों में लिखे गए थे, इन्हें अगले वित्त वर्ष (यानि 2020–21) में दर्ज किया गया जिसके कारण मिलान अवधारणा का पालन नहीं हो सका। इसकी वजह से, कर के लिए 531.69 लाख रुपये की आमदनी एवं संचालन से राजस्व में 531.69 लाख रुपये की कमी दिखाई गई	रिपोर्ट में चिन्हित राशियों के बारे में, एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2020–21 में आय की है। लेखा परीक्षक की राय का भविष्य में अनुपालन किया जाएगा।
6. आय एवं व्यय खाते की नोट सं. 66 के संदर्भ में, विक्रेताओं द्वारा चालान जमा न किए जाने/ देर से जमा किए जाने के कारण वित्त वर्षदृ 2019–20 के भारतीय– लेखांकन मानक फाइनेंशल्स में दर्ज नहीं किए गए खर्च के विवरण की वजह से कट–ऑफ प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया जा सका। इस प्रकार के बिलों को सक्षम अधिकारी द्वारा बाद में मंजूरी दिए जाने के बाद आगामी रिपोर्टिंग अवधि में दर्ज किया गया। परिसंपत्तियों/देनदारियों और/या आय/व्यय पर व्यय के देर से दर्ज किए जाने के प्रभाव का, सहायताप्राप्त परियोजनाओं पर, रिपोर्ट की जाने वाली तिथि पर विक्रेताओं द्वारा बिल जमा नहीं किए जाने के कारण, पता नहीं लगाया जा सकता है।	समय पर जीएसटी जमा करने और रिटर्न भरने के कारण पिछले वर्ष में दी गई सेवाओं के लिए वेंडरों से बिल लेने की कट–ऑफ तिथि निर्धारित करना अनिवार्य हो जाता है।
7. कंपनी ने महत्वपूर्ण लेखांकन नीति (देखें नोट 2 (VII) के संदर्भ में चालान बनाते समय, 'नियंत्रण' के हस्तांतरण के समय पहचान किए जाने की बजाए वस्तुओं की बिक्री पर मिलने वाले राजस्व को गलत तरीके से पहचाने जाने के संबंध में कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम 2015 द्वारा निर्धारित "उपभोक्ताओं के साथ अनुबंध से मिलने वाले राजस्व" पर भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) 115 का पालन नहीं किया। रिपोर्ट की गई आमदनी, हानि और कंपनी की परिसंपत्तियों/देनदारियों पर, भारतीय लेखांकन मानक 115 के सदंर्भ में राजस्व के पहचान में इसके प्रभाव का वर्तमान में पता लगा पाना संभव नहीं है।	एनआईसीएसआई की नीति के अनुसार, वस्तुओं की बिक्री के लिए चालान बनाते समय यह अपने राजस्व का पता लगा लेती है। वित्त वर्ष 2019–20 के लिए वित्तीय कथन तैयार करते समय कंपनी ने लागू भारतीय लेखांकन मानकों के सभी प्रावधानों एवं आवश्यकताओं का विधिवत पालन किया है और यह राजस्व पहचान पर भारतीय लेखांकन मानक 18 द्वारा वर्णित मिलान अवधारणा के अनुसार है। एनआईसीएसआई अपने ईआरपी सिस्टम में इसे स्वचालित किए जाने की प्रक्रिया में है ताकि ऐसी गतिविधियां तत्काल एवं उचित तरीके से पूरी की जा सकें।

विषय पर बल	
1. नोट सं. 46 के लिए संदर्भ आमंत्रित किया जाता है जिसमें वर्ष के दौरान इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगकी मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के निर्देश पर वित्त वर्ष 2018–19 से प्रभावी कंपनी का संचालन मार्जिन को सहसंबद्ध किया गया और एवं ओएंडएम खर्च एवं बुनियादी/आईसीटी अवसंरचना के उन्नयन लागत के 7% पर अनुमोदित किया गया। इसके परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान शास्त्री पार्क एवं भुवनेश्वर नेशनल डाटा सेंटर के तुलना में कंपनी के संचालन मार्जिन में काफी कमी आई और इसका प्रभाव वर्ष के आय एवं व्यय खाते के लाभ पर भी दिखा।	इस मामले पर 27.12.2018 को एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल की 108वीं बैठक में विचार किया गया था। विस्तृत विचार–विमर्श के बाद बोर्ड ने इस प्रकार अनुमोदन किया था: ➢ एनडीसीएसपी, दिल्ली और एनडीसी, भुवनेश्वर, ओडिशा के लिए एनआईसीएसआई अलग परियोजना पूल अकाउंट बना सकती है; ➢ एनडीसी, एसपी, दिल्ली और एनडीसी, भुवनेश्वर, ओडिशा के माध्यम से दी जाने वाली डाटा सेंटर सह–विन्यास सेवाओं से होने वाली आमदनी को प्रस्तावित परियोजना मद(दों) के तहत साझा किया जाएगा; ➢ इस आमदनी का प्रयोग दोनों ही नेशनल डाटा सेंटर की बुनियादी संरचनाओं के ओएंडएम व्यय और उन्नयन के लिए किया जाएगा; ➢ एनआईसीएसआई द्वारा एनडीसीएसपी पर को–लोकेशन सर्विस के लिए प्रयोग में लाए जा रहे वर्तमान 60 रैक्स के अलावा एनआईसी आने वाले वर्षों के लिए ओएंडएम खर्चों को पूरा करने हेतु और बुनियादी अवसंरचना के उन्नयन हेतु भी, पर्याप्त धनराशि जुटाने के लिए और अधिक रैक्स जोड़ सकती है। ➢ वित्त वर्ष 2018–19 के बाद से एनआईसीएसआई ने एनडीसीएसपी के ओएंडएम खर्च के लिए प्रति वर्ष 8 करोड़ रुपए खर्च नहीं करेगी। प्रति वर्ष मिलने वाले राजस्व से कथित 60 रैकों और एनआईसी द्वारा शामिल किए जाने वाले अन्य रैकों से होने वाली आमदनी का प्रयोग ओएंडएम खर्च को पूरा करने और नेशनल डाटा सेंटर की बुनियादी संरचना के उन्नयन में किया जाएगा। ➢ एनआईसीएसआई, उपरोक्त मानदंडों के अनुसार, वित्त वर्ष 2018–19 से उपर उल्लिखित ओएंडएम खर्चों और संबंधित नेशनल डाटा सेंटरों के बुनियादी और/या आईसीटी अवसंरचना के उन्नयन पर होने वाले खर्च पर 7% का ऑपरेटिंग मार्जिन और टैक्स लेगी। एनआईसीएसआई बोर्ड द्वारा कथित अनुमोदन प्रक्रिया के अनुसार 01.04.2018 के अनुसार अपना ऑपरेटिंग मार्जिन और लागू कर ले रही है।
2- हम भारतीय–लेखांकन मानक वित्तीय कथन के नोट सं. 40 पर ध्यान दिलाना चाहेंगे जिसमें भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली के भवन के संबंध में 931.50 लाख रुपये के संवहन/स्वामित्व लेख (टाइटल डीड) वर्ष के समाप्त होने तक पंजीकरण हेतु लंबित था।	एनआईसीएसआई द्वारा क्रमशः वर्ष 2003 और 2000 में भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली स्थित एनबीसीसी के छठे तल पर खरीदे गए हॉल सं. 2 और 3 के लिए एनबीसीसी से संवहन/स्वामित्व लेख (टाइटल डीड) पाने के लिए एनआईसीएसआई प्रयास कर रही है। इस बारे में, एनआईसीएसआई के एमडी ने दिनांक 17.07.2020 को लिखे पत्र के माध्यम से एनबीसीसी के सीएमडी को मामले की एक बार फिर जानकारी दी है। एनआईसीएसआई भविष्य में भी इस मामले पर एनबीसीसी के साथ आगे की कार्यवाही जारी रखेगा।
आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के प्रति रिपोर्ट पर विशेषज्ञ राय (क्वालिफायड ओपिनियन)	
d- वेंडर शेष का समन्वय/पुष्टि क्योंकि इसके कारण बकाया शेष में महत्वपूर्ण गलत बयानी हो सकती है;	31.03.2020 तक शेष धनराशि से संबंधित शेष पुष्टि पत्र जारी कर दिए गए हैं। विभागों/संगठनों आदि को ऐसा पत्र जारी करना नियमित प्रक्रिया है लेकिन इसके प्रति बहुत कम प्रतिक्रिया प्राप्त होती है।

[k- वेंडरों को प्रदर्शन बैंक गारंटी वापस करना क्योंकि इसकी वजह से दोषी वेंडरों से नुकसान की भरपाई न कर पाने की संभावना हो सकती है;	लेखापरीक्षा की टिप्पणी को नोट कर लिया गया है और बकाया प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। उसके आधार पर, पीबीजी के खिलाफ धनराशि, जिसके लिए नामिकायन अवधि समाप्त हो गई है, को वापस/जारी किया जाएगा। एनआईसीएसआई अपनी ईआरपी सिस्टम में इसे स्वचालित किए जाने की प्रक्रिया में है ताकि ऐसी गतिविधियों को तत्काल एवं उचित तरीके से पूरा किया जा सके।
x- उपलब्ध निधि के संभावित अपर्याप्त उपयोग से बचने के लिए ग्राहकों/विभागों द्वारा कंपनी के बैंक खाते में सीधे/इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी गई धनराशी का लेखांकनः	उपयोगकर्ता विभाग/संगठन एनआईसीएसआई को इलेक्ट्रॉनिक मोड में धन हस्तांतरित करते हैं। हालांकि ऐसे अधिकांश पावतियां खरीद आदेश से संबद्ध हैं, लेकिन विभिन्न प्रयासों के बावजूद उनमें से कुछ अभी भी अज्ञात हैं। लेखा परीक्षा की टिप्पणी को नोट कर लिया गया है और ऐसी धनराशि के समन्वय हेतु भविष्य में और अधिक प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा, प्राप्त धनराशि के स्रोत का पता लगाने के लिए संबंधित बैंकों को लिंक देने का निर्देश दिया गया है ताकि उन उपभोक्ताओं के साथ एनआईसीएसआई मामले पर चर्चा कर सके। हालांकि, 21.07.2020 से पीएफएमएस के माध्यम से मिलने वाली धनराशि के मामलों में स्वतः ही ध्यान रखा जाएगा और अन्य धनराशि के लिए एनआईसीएसआई जिन बैंकों में धनराशि डाली गई है, उनसे संपर्क करेगी।
?k- ग्राहकों से बकाया एवं वेंडरों से अग्रिम की वसूली एवं उनका फॉलो अप करना क्योंकि ऐसा न करने से ग्राहकों और वेंडरों के अग्रिम से बकाया देय में महत्वपूर्ण गलत बयानी हो सकती है; और	लेखापरीक्षा की टिप्पणी को नोट कर लिया गया है और उपभोक्ताओं और वेंडरों से ऐसी धनराशि की वसूली या निपटान हेतु भविष्य में और अधिक प्रयास किए जाएंगे।
M- संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का भौतिक सत्यापन जिनका लेखांकन, वर्गीकरण एवं उपरोक्त के प्रकटीकरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता हो।	परिसंपत्तियों का, उनके जारी/निपटान किए जाने के संबंध में उचित विवरण के साथ निर्धारित पंजी में रिकॉर्ड रखा जा रहा है। इसके अलावा, एनआईसीएसआई मुख्यालय (एसपी और एलएनडीसी समेत) और उसकी राजकीय इकाईयों का, प्रत्येक वित्त वर्ष के समाप्त होने पर, 3 सदस्यों वाली समिति द्वारा सभी परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके अलावा, एनआईसीएसआई में एक समिति गठित की गई है और 31.03.2020 तक पुरानी/अनुपयोगी घोषित की जा चुकी वस्तुओं को जीएफआर में दिए गए प्रावधानों के अनुसार नीलाम/निपटान करने की प्रक्रिया चल रही है।
p- कंपनी ने आय एवं व्यय बिल को दर्ज करते समय कट ऑफ प्रक्रियाओं एवं मिलान अवधारण (मैचिंग कॉन्सेप्ट) का पालन नहीं किया है।	समय पर जीएसटी जमा करने और रिटर्न फाइल करने के लिए पिछले वर्ष वेंडरों द्वारा दी गई सेवाओं का चालान प्राप्त करने के लिए कट–ऑफ तिथि निर्धारित करना अनिवार्य हो जाता है।

नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेस इंक के
निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
अध्यक्ष

स्थानः नई दिल्ली

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम उदगम

सीआईएनः यू74899डीएल1995एनपीएल072045

31.03.2020 बैलंस शीट

₹ लाखो में

ब्यौरेवार रिपोर्ट	टिप्पणी संख्या	31 मार्च, 2020 तक	31 मार्च, 2019 तक
परिसंपत्तियां			
स्थायी परिसंपत्तियां			
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	3	4,692.75	5,405.80
संपत्ति के उपयोग का अधिकार	4	18,924.70	-
अन्य अमूर्त संपत्तियां	5	4,356.78	7,065.05
वित्तीय संपत्तियांः			
ऋण	6	107.08	701.43
अन्य वित्तीय संपत्तियां	7	494.59	458.50
आस्थगित कर संपत्तियां (शुद्ध)	8	4,309.46	3,516.83
अन्य स्थायी संपत्तियां	9	1,164.64	1,677.48
चालू संपत्तियां			
वित्तीय संपत्तियांः			
व्यापार प्राप्य	10	18,987.52	17,398.08
नकद एवं नकद समकक्ष	11	74,608.42	62,678.42
उपर (ख) को छोड़ कर बैंक बैलेंस	12	76,137.47	87,350.17
अन्य वित्तीय संपत्तियां	13	4,060.72	4,479.16
चालू कर संपत्तियां (शुद्ध)	14	14,148.29	14,034.31
अन्य वर्तमान संपत्तियां	15	29,515.90	24,984.22
कुल संपत्तियां		**2,51,508.32**	**2,29,749.45**
इक्विटी और देयताएं			
इक्विटी			
इक्विटी शेयर पूंजी	16	200.00	200.00
अन्य इक्विटी	17	59,014.02	49,937.82
देयताएं			

ब्यौरेवार रिपोर्ट	टिप्पणी संख्या	31 मार्च, 2020 तक	31 मार्च, 2019 तक
स्थायी देयताएं			
वित्तीय देयदाएं			
अन्य वित्तीय देयदाएं	18	16,669.42	40.46
चालू देयदाएं			
वित्तीय देयताएं			
व्यापार देय	19		
सूक्ष्म और लघु उद्यमों का कुल बकाया शेष		817.14	466.66
सूक्ष्म और लघु उद्यमों के अलावा अन्यों का कुल बकाया शेष		23,591.47	34,465.51
अन्य वित्तीय देयताएं	20	3,804.85	1,466.94
अन्य चालू देयताएं	21	1,47,336.90	1,43,097.54
प्रावधान	22	74.52	74.52
कुल इक्विटी एवं देयताएं		**2,51,508.32**	**2,29,749.45**
खातों के लिए महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां एंव टिप्पणीया	2		

संलग्न टिप्पणियाँ वित्तीय विवरणों का अभिन्न भाग है।

हमारी तिथि तक हमारी रिपोर्ट के अनुसार
अग्रवाल एंड सक्सेना
सनदी लेखाकार
कंपनी पंजीकरण संख्या 002405सी

ह0/–
अक्षय सेठी
साझेदार
सदस्यता सं. 539439

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
प्रशांत कुमार मित्तल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 08710751

ह0/–
डॉ. राजेन्द्र कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02677079

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
दीपक सक्सेना
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.07.2020

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएनः यू74899डीएल1995एनपीएल072045

31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एंव व्यय लेखा

₹ लाखो में

क्र. सं.	ब्यौरेवार रिपोर्ट	टिप्पणी सं.	31 मार्च, 2020 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त हुआ वर्ष
	आय			
I	संचालन से आय	23	1,15,628.59	1,14,952.83
II	अन्य आय	24	10,302.89	9,080.50
III	**कुल आय (I+II)**		**1,25,931.48**	**1,24,033.33**
IV	**व्यय**			
	बिक्री माल की खरीद	25	17,829.00	24,139.51
	सेवा सहयोग व्यय		79,126.55	85,252.84
	कर्मचारी लाभ व्यय	26	856.31	1,092.63
	वित्त लागत	27	1,037.41	-
	मूल्यह्रास एवं ऋणमुक्ति व्यय	28	8,605.14	5,086.44
	अन्य व्यय	29	5,177.70	18,248.79
	कुल व्यय (IV)		**1,12,632.11**	**1,33,820.21**
V	**कर पूर्व आय/(व्यय) (III–IV)**		13,299.37	(9,786.87)
VI	**कर व्ययः**		**4,223.17**	**(1,263.53)**
	(1) वर्तमान कर		4,820.17	752.37
	(2) आस्थगित कर		(792.63)	(3,662.45)
	(3) पहले के वर्षों का कर समायोजन/(प्रतिलेखन)		195.63	1,646.55
VII	**जारी संचालन से वर्ष के लिए आय/(व्यय) (V–VI)**		**9,076.20**	**(8,523.35)**
VIII	**अन्य व्यापक आय**		-	-

क्र. सं.	ब्यौरेवार रिपोर्ट	टिप्पणी सं.	31 मार्च, 2020 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त हुआ वर्ष
IX	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (आय/(व्यय) समेत और वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय)		**9,076.20**	**(8,523.35)**
X	**प्रति इक्विटी शेयर आय (प्रति शेयर सांकेतिक मूल्य 100 रु.)**			
	(1) बेसिक (रु. में)	30	4,538.10	(4,261.67)
	(2) डायलूटेड (रु. में)	30	4,538.10	(4,261.67)

खातों के लिए महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां एवं टिप्पणियां 2

संलग्न टिप्पणियां वित्तीय कथनों का अभिन्न हिस्सा है।

इस तिथि तक हमारी रिपोर्ट के अनुसार
अग्रवाल एंड सक्सेना
सनदी लेखाकार
कंपनी पंजीकरण संख्या 002405सी

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
अक्षय सेठी
साझेदार
सदस्यता सं. 539439

ह0/–
प्रशांत कुमार मित्तल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 08710751

ह0/–
डॉ. राजेन्द्र कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02677079

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
दीपक सक्सेना
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.07.2020

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएनः यू74899डीएल1995एनपीएल072045

31 मार्च 2020 नकद प्रवाह कथन

₹ लाखो में

ब्यौरेवार रिपोर्ट	31 मार्च, 2020 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त हुआ वर्ष
संचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह		
कर पूर्व अधिशेष/(हानि) और असाधारण मद	13,299.37	(9,786.87)
के लिए समायोजनः		
मूल्यह्रास और ऋणशोधन व्यय	8,605.14	5,086.44
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की बिक्री पर लाभ/ (हानि)	(2.37)	(1.49)
वित्तीय लागत	1,037.41	
ब्याज से आय	(8,161.28)	(6,644.77)
संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान/ (पुनर्प्राप्ति)	(1,454.25)	9,588.17
अग्रिमों के खिलाफ प्रावधान/ (पुनर्प्राप्ति)	(451.32)	1,712.20
बिक्री कर एवं टीडीएस और डब्ल्यूसीटी के खिलाफ प्रावधान	0.41	120.04
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व का संचालन अधिशेष/(घाटा)	**12,873.11**	**73.71**
के लिए समायोजनः		
व्यापार प्राप्य में (वृद्धि)/कमी	(135.20)	1,848.91
ऋण और अग्रिमों एवं अन्य परिसंपत्तियों में (वृद्धि)/कमी	(4,322.32)	(546.63)
व्यापार देय एवं अन्य देयताओं में वृद्धि/(कमी)	(8,405.61)	2,726.05
संचालनों से मिलने वाला नकद	**9.98**	**4,102.04**
आय कर भुगतान	(4,820.17)	(752.37)
पिछले वर्षों के लिए आय कर भुगतान	(195.63)	(1,646.55)
जीआईए परियोजना से संबंधित पूर्ववर्ती वर्ष का ब्याज	-	(4,766.01)
संचालन गतिविधियों से शुद्ध नकद प्रवाह/(बहिर्वाह) (क)	**(5,005.82)**	**(3,062.88)**
निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह		
अचल परिसंपत्तियों की खरीद	(2,823.15)	(8,582.47)
एफडीआर में में निवेश	11,212.70	27,374.20
अचल परिसंपत्तियों की बिक्री	2.63	6.59
विकासाधीन अमूर्त संपत्तियां	-	-

प्राप्त ब्याज	8,543.63	6,644.77
संचालन गतिविधियों से शुद्ध नकद प्रवाह/(बहिर्वाह) (ख)	**16,935.82**	**25,443.10**
वित्तीय गतिविधियों से नकद प्रवाह		
ब्याज का भुगतान	-	-
वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकद प्रवाह/(बहिर्वाह) (ग)	-	-
नकद एवं नकद समकक्षों में शुद्ध वृद्धि/(कमी) (क+ख+ग)	**11,930.00**	**22,380.22**
वर्ष के आरंभ में नकद एवं नकद समकक्ष	**62,678.42**	**40,298.21**
वर्ष के समाप्त होने पर नकद एवं नकद समकक्ष	**74,608.42**	**62,678.42**

टिप्पणी

1) वर्ष के समाप्त होने पर बचे नकद और शेष को बैंकों में नकद एवं शेष राशि में शामिल कर दिया गया है। विवरण इस प्रकार है:

ब्यौरेवार रिपोर्ट	**31 मार्च, 2020 को समाप्त हुआ वर्ष**	**31 मार्च, 2019 को समाप्त हुआ वर्ष**
नकद एवं नकद समकक्ष		
बैंकों में शेष	32,287.27	28,395.00
अग्रदाय खाता	0.50	0.50
अन्य बैंक शेष		
सावधि जमा	42,320.65	34,282.92
	74,608.42	**62,678.42**

इस तिथि तक हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कृते अग्रवाल एंड सक्सेना
सनदी लेखाकार
कंपनी पंजीकरण संख्या 002405सी

ह0/–
अक्षय सेठी
साझेदार
सदस्यता सं. 539439

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
प्रशांत कुमार मित्तल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 08710751

ह0/–
डॉ. राजेन्द्र कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02677079

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
दीपक सक्सेना
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.07.2020

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएनः यू74899डीएल1995एनपीएल072045

31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन कथन

क. 100 रु./– प्रति शेयर के जारी, सब्सक्राइब और भुगतान किए गए शेयर के लिए इक्विटी शेयर पूंजी

₹ लाखो में

ब्यौरवार विवरण	टिप्पणी सं.	धन राशि
1 अप्रैल 2018 तक	16	200.00
वर्ष के दौरान परिवर्तन		-
31 मार्च 2019 तक	16	200.00
वर्ष के दौरान परिवर्तन		-
31 मार्च 2020 तक	16	200.00

ख. अन्य ईक्विटी (टिप्पणी 17 देखें)

₹ लाखो में

ब्यौरवार विवरण	आरक्षित निधियां और अधिशेष प्रतधारित आय	अन्य कुल इक्विटी
31 मार्च 2018 तक	63,682.39	63,682.39
एनकेएन के अलावा जीआईए परियोजना से संबंधित ब्याज (टिप्पणी सं, 54 देखें)	(3,351.27)	(3,351.27)
जीआईए परियोजना एनकेएन से संबंधित ब्याज (टिप्पणी सं, 54 देखें)	(1,414.74)	(1,414.74)
पूर्ववर्ती वर्षों के लिए मूल्यह्रास (टिप्पणी सं, 57 देखें)	(455.22)	(455.22)
31 मार्च 2018 तक (पुर्नउल्लिखित)	**58,461.16**	**58,461.16**
वर्ष के लिए अधिशेष/(कमी)	(8,523.35)	(8,523.35)
31 मार्च 2019 तक	**49,937.82**	**49,937.82**
वर्ष के लिए अधिशेष/(कमी)	9,076.20	9,076.20
31 मार्च 2020 तक	**59,014.02**	**59,014.02**

इस तिथि तक हमारी रिपोर्ट के अनुसार
कृते अग्रवाल एंड सक्सेना
सनदी लेखाकार
कंपनी पंजीकरण संख्या 002405सी

ह0/–
अक्षय सेठी
साझेदार
सदस्यता सं. 539439

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
प्रशांत कुमार मित्तल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 08710751

ह0/–
डॉ. राजेन्द्र कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02677079

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
दीपक सक्सेना
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.07.2020

नेशनल इंफोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक

(कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत भारत सरकार का उपक्रम)

31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की महत्तवपूर्ण लेखांकन नीतियां और टिप्पणियां

1. कॉर्पोरेट सूचना

नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेस इंक ('संस्था') को 29 अगस्त 1995 को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 (अब कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) के तहत, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ('एनआईसी'), संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन निगमित किया गया था। संस्था सरकारी मंत्रालयों/विभागों/संगठनों को पूर्ण आईटी समाधान प्रदान करने में लगी हुई है।

दिनांक 29 जुलाई 2020 को निदेशक मंडल के एक संकल्प के आधार पर वित्तीय कथनों में जारी करने करना अधिकृत किया गया था।

2. महत्वपूर्ण लेखा नीतियां

i. वित्तीय कथनों को तैयार करने का आधार

कंपनी का वित्तीय कथन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133, जिसे कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के साथ पढ़ा जाएगा, और कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) (संशोधन) नियम, 2016 के तहत जारी किए गए नियमों और भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य अन्य लेखांकन सिद्धांतों के तहत कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा अधिसूचित लेखांकन मानकों (अभी के बाद इसे 'भारतीय लेखांकन मानक'/'Ind AS') के अनुसार तैयार किया गया है।

वित्तीय कथनों को ऐतिहासिक लागत आधार पर तैयार किया गया है, निम्नलिखित परिसंपत्तियों एवं देनदारियों को छोड़कर जिन्हें उचित मूल्य पर परिमित किया गया है:

- कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का मूल्यांकन उचित मूल्य पर किया जाता है (वित्तीय उपकरणों के संबंध में लेखांकन नीति देखें)।

वित्तीय कथनों को भारत में सामान्य रूप से स्वीकार किए जाने वाले लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार लाभकारी संस्था के आधार पर तैयार किया गया है।

वित्तीय कथन भारतीय रुपये (INR) में प्रस्तुत किया गया है, यह कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भी है। अनुसूची ।।। की आवश्यकता के अनुसार वित्तीय कथनों और नोट्स में उल्लिखित सभी धनराशि को, जब तक अलग से बताया न गया हो, निकटतम लाख रूपयों में लिखा गया है। निकटतम रुपय निकालते समय होने वाली गलतियों की अनदेखी की गई है।

ii. परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का वर्तमान बनाम गैर–वर्तमान वर्गीकरण:

किसी परिसंपत्ति को वर्तमान तब कहा जाता है जब:

- जिससे वसूली की उम्मीद हो या बेचने का इरादा हो या सामान्य संचालन चक्र में उपयोग में लाया जा चुका हो;
- मुख्य रूप से व्यापार हेतु रखी गई हो;
- रिपोर्ट करने की अवधि के बाद 12 माह के भीतर बेच दिए जाने की उम्मीद हो;
- रिपोर्ट करने की अवधि के बाद कम–से–कम बारह महीने के लिए जब तक आदान–प्रदान करने हेतु प्रतिबंधित नहीं किया जाता या देनदारी को चुकाने में प्रयोग नहीं किया जाता, तब तक नकद या नकद के समकक्ष।

अन्य सभी परिसंपत्तियों को गैर–वर्तमान माना जाता है।

देनदारी को तब वर्तमान माना जाता है जब:

- इसके सामान्य परिचालन चक्र में चुका दिए जाने की उम्मीद हो;

- मुख्य रूप से व्यापार हेतु रखी गई हो;
- रिपोर्ट किए जाने की अवधि के बाद 12 माह के भीतर निपटान किया जाना हो, या
- रिपोर्ट किए जाने की अवधि के कम–से–कम 12 माह बाद तक देनदारी चुकाना स्थगित करने का कोई शर्तरहित अधिकार न हो।

अन्य सभी प्रकार की परिसंपत्तियों को गैर–वर्तमान माना जाता है।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों एवं देनदारियों को गैर–वर्तामन परिसंपत्ति एवं देनदारियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

संचालन चक्र प्रसंस्करण हेतु परिसंपत्तियों के अधिग्रहण एवं नकद और नकद समकक्षों में उनकी प्राप्ति के बीच का समय है। कंपनी ने 12 माह को अपना संचालन चक्र माना है।

iii. परिसंपत्ति संयंत्र एवं उपकरण (पीपीई/PPE) और मूल्यह्रास

(क) मान्यता एवं प्रारंभिक मूल्य निर्धारण

परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण को उनके अधिग्रहण लागत पर बताया गया है। भारतीय लेखांकन मानक के परिवर्तन काल पर, कंपनी ने अपनी सभी संपत्तियों, संयंत्रों और उपकरणों का मूल्य निर्धारण पूर्ववर्ती जीएएपी (GAAP) मूल्य (अनुमानित लागत) पर करने का निर्णय लिया है।

इस लागत में खरीद मूल्य, उधार मूल्य शामिल है, यदि पूंजीकरण मानदंड को पूरा कर लिया गया हो और संभावित उपयोग हेतु परिसंपत्तियों को कामकाजी स्थिति में लाने में यह प्रत्यक्ष रूप से योगदान कर रहा हो। खरीद मूल्य निकालने के लिए किसी भी व्यापार छूट एवं बट्टे को घटा लिया जाएगा। बाद की लागत को परिसंपत्ति की रख–रखाव लागत या अलग परिसंपत्ति में शामिल किया जाता है, जैसा उचित हो, ऐसा तभी होगा जब भविष्य में इनसे होने वाले आर्थिक लाभ कंपनी को मिले। जब संयंत्र और मशीनों के महत्वपूर्ण पुर्जों को समय–समय पर बदले जाने की आवश्यकता हो तो कंपनी उनके उपयोगी जीवन के आधार पर अलग से मूल्यह्रास करेगी। इसी प्रकार, जब प्रमुख जांच किया जाएगा, तब मान्यता मानदंड को पूरा करने पर इस खर्च को संयंत्र एवं उपकरण के रखाव लागत माना जाएगा। मरम्मत एवं रख–रखाव संबंधी अन्य सभी खर्चों को लाभ और हानि कथन में लिखा जाएगा।

(क) अनुवर्ती पैमाइश (मूल्यह्रास और उपयोगी जीवन)

पीपीई की वस्तुओं का मूल्यह्रास ह्रासिल मूल्य मान विधि और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। में निर्धारित दरों पर प्रदान की गई है। संस्था ने कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची ।। के अनुसार पीपीई की सभी वस्तुओं का उपयोगी जीवन निर्धारित किया है।

प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में अवशिष्ट मान, उपयोगी जीवन एवं मूल्यह्रास विधि की समीक्षा की जाती है।

(ख) मान्यता रद्द करना

परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण की कोई वस्तु और कोई महत्वपूर्ण हिस्सा जिसे शुरुआत में निपटान पर बेकार माना गया हो या उसके उपयोग या निपटान से भविष्य में किसी आर्थिक लाभ की उम्मीद न हो। परिसंपत्ति के बेकार होने से होने वाला कोई भी लाभ या हानि (परिसंपत्ति के शुद्ध निपटान आय एवं रख–रखाव लागत के अंतर से निकाला जाता है) को आय कथन में शामिल किया जाता है जब परिसंपत्ति को बेकर मान लिया जाता है। प्रत्येक वित्त वर्ष के अंत में परिसंपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी जीवन एवं मूल्यह्रास विधियों की समीक्षा की जाती है और उचित पाए जाने पर समायोजित किया जाता है।

परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण के बेकार होने के बाद हुए लाभ या हानि को शुद्ध निपटान आय एवं संपत्ति के रख–रखाव लागत के अंतर से मापा जाता है और संपत्ति के बेकार हो जाने पर उसका विवरण लाभ और हानि कथन में दिया जाता है।

iv. अमूर्त संपत्ति और ऋणशोधन

आरंभ में अमूर्त संपत्ति की गणना लागत पर की गई। इसके बाद अमूर्त संपत्तियों की गणना लागत में से संचित ऋणशोधन और

संचित अक्षमता हानि को घटा कर की गई। अमूर्त संपत्तियों का उपयोगी जीवन परिमित या अनंत हो सकती है। परिमित जीवन वाली अमूर्त संपत्तियों का ऋणशोधन ह्रासित मूल्य मान विधि के अनुसार उनके उपयोगी आर्थिक जीवन के साथ किया गया है। सीमित उपयोगी जीवन वाली अमूर्त संपत्तियों के लिए ऋणशोधन अवधि और ऋणशोधन विधि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के समाप्त होने पर कम–से–कम एक बार समीक्षा की जाती है। ऋणशोधन अवधि या विधि में संशोधन करते समय अपेक्षित उपयोगी जीवन या संपत्ति से संबद्ध भविष्य के आर्थिक लाभों का अपेक्षित खपत पैटर्न में परिवर्तन पर विचार किया गया है, जैसा उपयुक्त हो, और उन्हें लेखांकन अनुमानों में परिवर्तन के रूप में माना गया है। सीमित जीवन वाली अमूर्त संपत्तियों पर ऋणशोधन खर्च को तब तक आय एवं व्यय कथन में लिखा जाता है जब तक ऐसे खर्च किसी अन्य संपत्ति के रख–रखाव खर्च का हिस्सा न हों।

कंपनी अधिनियम के अनुसार, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और सर्वर से संबंधित खर्च उनके क्रमशः तीन वर्ष और छह वर्ष के अनुमानित उपयोगी आर्थिक जीवन पर सीधी रेखा पद्धति पर पूंजीकृत और ऋणशोधित की जाती है। ईआरपी सॉफ्टवेयर से संबंधित खर्च को इसके दस वर्ष के अनुमानित उपयोगी आर्थिक जीवन पर सीधी रेखा पद्धति पर पूंजीकृत और ऋणशोधित किया जाता है।

v. वित्तीय साधन

एक इकाई की वित्तीय संपत्ति और दूसरी इकाई की वित्तीय देयता या इक्विटी साधन को बढ़ाने वाला कोई अनुबंध वित्तीय साधन कहलाता है।

वित्तीय पूंजी

प्रारंभिक मान्यता और गणना

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों का आकलन आरंभ में उचित मूल्य पर किया गया है, यदि लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों को दर्ज नहीं किया जाता है, ऐसे मामले में वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण में योगदान करने वाले लेन–देन खर्च को स्वीकार किया जाता है। ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद या बिक्री जिसके लिए बाजार (नियमित रूप से किए जाने वाले व्यापार) द्वारा स्थापित नियमन या परंपरा के अनुसार एक समय–सीमा के भीतर परिसंपत्तियों के वितरण की आवश्यकता होती है, को व्यापार तिथि पर माना जाता है यानि वह तिथि जिस पर कंपनी संपत्ति को खरीदने या बेचने का वचन देती है।

अनुवर्ती पैमाइश

अनुवर्ती पैमाइश के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया हैः

ऋणशोधन लागत पर ऋण साधन

एक 'ऋण साधन' को ऋणशोधन लागत पर तब मापा जाता है जब निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी हो रही होंः

क) परिसंपत्ति एक ऐसे व्यवसाय मॉडल के अधीन हो जिसका उद्देश्य अनुबंधात्मक नकद प्रवाह को एकत्र करने के संपत्ति पर अधिकार बनाए रखना हो और

ख) परिसंपत्ति की संविदा शर्तें निर्धारित तिथि पर नकद प्रवाह बढ़ा देती हों जो परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें बकाया मूलधन पर केवल मूलधन एवं ब्याज भुगतान (एसपीपीआई) हो।

सभी वित्तीय देनदारियां प्रारंभिक पहचान पर उचित मूल्य पर मान्यतादृप्राप्त हैं। वित्तीय देनदारियों में प्रत्यक्ष रूप से योगदान करने वाले वित्तीय लागत, जो आय या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर नहीं हैं, को प्रारंभिक पहचान पर उचित मूल्य में जोड़ दिया गया है। आरंभिक पैमाइश के बाद, ऐसी वित्तीय देनदारियों को बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि का प्रयोग कर ऋणशोधन लागत पर मापा जाता है। परिशोधन लागत की गणना अधिग्रहण पर किसी छूट या प्रीमियम और ईआईआर के अभिन्न शुल्क या लागत को ध्यान में रख कर की जाती है। ईआईआर परिशोधन वित्तीय आय में लाभ या हानि में शामिल है। नुकसान से होने वाली हानि लाभ या हानि में लिखा जाता है।

अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण साधन (एफवीटीओसीआई/FVTOCI)

एक 'ऋण साधन' को तब एफवीटीओसीआई (FVTOCI) कहा जाता है जब निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती होंरू

क) व्यापार मॉडल का उद्देश्य अनुबंधात्मक नकद प्रवाह को एकत्र करने एवं वित्तीय संपत्तियों की बिक्री, दोनों द्वारा पूरी हो

रही हों और

ख) परिसंपत्ति का अनुबंधात्मक नकद प्रवाह एसपीपीआई / SPPI का प्रतिनिधित्व करता हो।

एफवीटीओसीआई (FVTOCI) श्रेणी में शामिल ऋण साधन को प्रारंभ में और प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर उचित मूल्य पर मापा गया है। उचित मूल्य प्रवृत्ति को अन्य व्यापक आय (OCI) में जगह दी गई है। हालांकि, कंपनी ने लाभ एवं हानि खाते में ब्याज से होने वाली आय, नुकसान हानि एवं निरसन और विदेशी विनिमय लाभ या हानि को जगह दी है। परिसंपत्ति की मान्यता रद्द होने पर, ओसीआई / OCI में पूर्व में हुए लाभ या हानि को इक्विटी से लाभ और हानि खाते में पुनर्वर्गीकृत किया गया है। एफवीटीओसीआई (FVTOCI) ऋण साधन से अर्जित ब्याज को ईआईआर विधि (EIR method) का उपयोग कर ब्याज से हुई आमदनी के रूप में बताया गया है।

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण साधन (FVTPL)

ऋण साधन के लिए एफवीटीपीएल (FVTPL) अवशिष्ट श्रेणी है। कोई भी ऋण साधन जो ऋणशोधन लागत पर या FVTOCI के अनुसार वर्गीकरण मानदंड को पूरा न करता हो को FVTPL में वर्गीकृत किया गया है।

इसके अलावा, कंपनी एक ऋण साधन को, जो ऋणशोधन लागत या FVTOCI मानदंड को पूरा करता हो, FVTPL में रख सकती है। हालांकि, ऐसा करने की अनुमति केवल तभी होगी जब ऐसा करने से पैमाइश या मान्यता की असंगतता कम या दूर हो रही हो (इसे 'लेखांकन असंतुलन' कहते हैं)। कंपनी ने किसी भी ऋण साधन को FVTPL निर्दिष्ट नहीं किया है।

FVTPL श्रेणी में शामिल किए गए ऋण साधन की पैमाइश, लाभ और हानि खाते में स्वीकृत सभी बदलावों के साथ उचित मूल्य पर की गई है।

इक्विटी निवेश

भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) 109 के दायरे में किए गए सभी इक्विटी निवेश की पैमाइश उचित मूल्य पर की जाती है। ऐसे सभी इक्विटी साधन जिन्हें एक व्यावसायिक संयोजन में अधिग्रहणकर्ता द्वारा कारोबार एवं आकस्मिक विचार हेतु संघटित किया गया हो और जिस पर भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) 103 (व्यापार संयोजन) लागू हो, FVTPL पर वर्गीकृत हैं। वर्गीकरण प्रारंभिक मान्यता पर किया गया है और अपरिवर्तनीय है।

यदि कंपनी किसी इक्विटी साधन को FVTOCI के रूप में वर्गीकृत करने का फैसला करती है तो लाभांश को छोड़ कर ऐसे साधन के उचित मूल्य में हुए सभी परिवर्तन को OCI में दर्ज किया जाएगा। OCI से लाभ और हानि (P&L) में, यहां तक कि निवेश की बिक्री पर भी, किसी भी धनराशि का पुनरावर्तन नहीं किया जाता। हालांकि, कंपनी इक्विटी के भीतर संचयी लाभ या हानि का हस्तांतरण कर सकती है।

FVTPL श्रेणी मे शामिल इक्विटी साधनों की पैमाइश उचित मूल्य पर की जाती है और सभी परिवर्तनों को लाभ और हानि (P&L) में दर्ज किया जाता है।

मान्यता रद्द करना

एक वित्तीय परिसंपत्ति की मान्यता (या, जहां लागू हो, वित्तीय परिसंपत्ति का एक हिस्सा या एक जैसी वित्तीय समूहों का हिस्सा) मुख्य रूप से तब रद्द की जाती है जबः

परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार की समय–सीमा समाप्त हो जाए, या

संबंधित कंपनी परिसंपत्ति से मिलने वाले नकद प्रवाह को प्राप्त करने के अपने अधिकार हस्तांतरित कर दे या बिना किसी देरी के 'पास–थ्रू' समझौते के तहत किसी तीसरे पक्ष को प्राप्त होने वाली नकद प्रवाह के भुगतान का दायित्व दे दे; और

या तो कंपनीः

(क) ने सभी जोखिमों और लाभों को पर्याप्त रूप से स्थानांतरित कर दिया हो या

(ख) संपत्ति के सभी जोखिमों और लाभों को न तो हस्तांतरित किया हो न ही पर्याप्त रूप से अपने पास रखा हो लेकिन संपत्ति का नियंत्रण हस्तांतरित कर दिया हो।

जब कंपनी ने संपत्ति से मिलने वाले नकदी प्रवाह पर अपने अधिकार हस्तांतरित कर दिए हों या पास–थ्रू समझौते कर लिया हो, तब वह इसका मूल्यांकन करेगी कि यदि और किस सीमा तक उसके पास स्वामित्व के जोखिम और लाभ बचे हैं। जब कंपनी ने संपत्ति के सभी जोखिमों और लाभों को न तो हस्तांतरित किया हो न ही पर्याप्त रूप से अपने पास रखा हो, न ही संपत्ति पर नियंत्रण को हस्तांतरित किया हो तो कंपनी की सतत भागीदारी की सीमा तक कंपनी हस्तांतरित संपत्ति पर अधिकार बनाए रखेगी। ऐसे मामले में, कंपनी पर संबद्ध देयता भी होगी। हस्तांतरित संपत्ति और संबद्ध देयता कंपनी के अधिकारों एवं दायित्वों के प्रभाव के आधार पर मापी जाएगी।

सतत भागीदारी जो हस्तांतरित संपत्ति पर गारंटी होगी, संपत्ति के न्यूनतम मूल रखदृरखाव लागत और कंपनी द्वारा चुकाए जाने वाले अधिकतम विचाराधीन राशि पर मापी जाएगी।

वित्तीय संपत्तियों की हानि

भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) 109 के अनुसार, कंपनी निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों और ऋण जोखिम पर हानि को मापने एवं स्वीकार करने के लिए अपेक्षित ऋण हानि (ECL) मॉडल अपनाती हैः

क) ऋण साधन बन चुकी वित्तीय परिसंपत्तियां और जिन्हें ऋणशोधन लागत पर मापा जाता है जासे ऋण, ऋण प्रतिभूतियां, जमा, व्यापार प्राप्य और बैंक बैलेंस।

कंपनी रिपोर्ट करने की प्रत्येक तिथि पर, आजीवन ECLs पर आधारित नुकसान हानि भत्ता, इसके प्रारंभिक पहचान किए जाने के समय से ही, स्वीकार करती है।

अवधि के दौरान दिए जाने वाले ECL नुकसान हानि भत्ता (या रिवर्सल) को लाभ और हानि खाता कथन में आय/व्यय के रूप में लिखा गया है

vi. उचित मूल्य पैमाइश

कंपनी प्रत्येक बैलेंस शीट तिथि पर उचित मूल्य पर वित्तीय साधनों की पैमाइश करती है।

उचित मूल्य वह मूल्य होता है जो किसी संपत्ति को बेचने से प्राप्त हो सकता है या पैमाइश तिथि पर बाजार के प्रतिभागियों के बीच व्यवस्थित लेनदेन में देयता हस्तांतरित करने के लिए जिस मूल्य का भुगतान किया गया हो। उचित मूल्य पैमाइश इस अनुमान पर आधारित है कि संपत्ति को बेचने या देयता का हस्तांतरण निम्नलिखित में से किसी एक तरीके से होता हैः

- संपत्ति या देयता के लिए मूल बाजार में या
- या मूल बाजार की अनुपस्थिति में, संपत्ति या देयता के लिए सबसे लाभकारी बाजार में।

मुख्य या सबसे लाभकारी बाजार कंपनी के लिए सुलभ होना चाहिए।

किसी परिसंपत्ति या देयता का उचित मूल्य उन अनुमानों का प्रयोग कर मापा जाता है जिसमें यह मानते हुए कि बाजार के प्रतिभागी अपने आर्थिक हितों का ध्यान रखते हुए संपत्ति या देयताओं के मूल्य निर्धारण में इनका प्रयोग करेंगे, के माध्यम से मापा जाता है। एक गैर–वित्तीय संपत्ति की उचित मूल्य पैमाइश करते समय बाजार के प्रतिभागी की संपत्ति का सर्वोत्तम एवं सर्वाधिक उपयोग कर आर्थिक लाभ कमाने की क्षमता या बाजार के किसी दूसरे प्रतिभागी को बेच कर जो इस संपत्ति का सर्वोत्तम और सर्वाधिक उपयोग कर सके, को ध्यान में रखा जाता है।

कंपनी परिस्थियों के लिए उपयुक्त मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करती है जो उचित मूल्य मापने के लिए पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हों, संबंधित अवलोकन योग्य इनपुट का अधिकतम उपयोग और अलक्षित इनपुट के न्यूनतम प्रयोग सुनिश्चित कर सकें।

वित्तीय कथनों में ऐसी सभी संपत्तियों एवं देयताओं जिनके लिए उचित मूल्य को मापा गया है, को उचित मूल्य पदानुक्रम में वर्गीकृत किया गया है, विवरण इस प्रकार है, यह उचित मूल्य पैमाइश के लिए संपूर्णता में महत्वपूर्ण न्यूनतम स्तर के इनपुट पर आधारित हैः

- स्तर 1 – अभिन्न संपत्तियों या देनदारियों के लिए सक्रिए बाजार में उद्धृत (असमायोजित) बाजार मूल्य
- स्तर 2 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए न्यूनतम स्तर के इनपुट जो उचित मूल्य पैमाइश के लिए महत्वपूर्ण है प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विचारणीय हो

- स्तर 3 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए उचित मूल्य पैमाइश हेतु न्यूनतम स्तर इनपुट महत्वपूर्ण हो, विचारणीय न हो।

उचित मूल्य प्रकटीकरण हेतु, कंपनी ने संपत्ति या देनदारी की प्रकृति, विशेषता और जोखिम एवं उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर संपत्तियों एवं देनदारियों की श्रेणी निर्धारित की है।

रिपोर्ट करने की प्रत्येक तिथि पर, कंपनी प्रबंधन कंपनी की लेखांकन नीतियों के अनुसार पुनर्पैमाइश या पुनर्मूल्यांकित किए जाने की आवश्यकता वाली संपत्तियों और देनदारियों के मूल्यों में हुए बदलावों का विश्लेषण करता है।

वित्तीय कथनों में आवर्ती आधार पर पहचान की गईं संपत्तियों और देनदारियों के लिए, कंपनी रिपोर्ट किए जाने की प्रत्येक अवधि के समाप्त होने पर यह निर्धारित करती है कि क्या पुनर्मूल्यांकन वर्गीकरण द्वारा पदानुक्रम में स्तरों के बीच हस्तांतरण हुए हैं (उचित मूल्य पैमाइश के लिए महत्वपूर्ण न्यूनतम स्तर इनपुट के आधार पर)।

यह व्याख्या उचित मूल्य निर्धारण हेतु लेखांकन नीति का सार प्रस्तुत करती है। उचित मूल्य से संबंधित अन्य प्रकटीकरण निम्नलिखइत के रूप में प्रासंगिक विवरणों में दिए गए हैं:

- महत्वपूर्ण अनुमानों एवं धारणाओं के लिए प्रकटीकरण
- उचित मूल्य पैमाइश पदानुक्रम का मात्रात्मक प्रकटीकरण
- वित्तीय साधन (ऋणशोधन लागत पर किए गए समेत)

vii. उपभोक्ता के साथ किए गए अनुबंध से मिलने वाले राजस्व

राजस्व को इस सीमा तक स्वीकार किया जाता है कि कंपनी को आर्थिक लाभ होने की संभावना है और भुगतान कभी भी किया जा रहा हो, राजस्व को विश्वसनीय तरीके से मापा जा सकता है। राजस्व को स्वीकार किए जाने से पहले निम्नलिखित विशेष स्वीकार मानदंडों को अवश्य पूरा किया जाना चाहिए: –

वस्तुओं/सेवा की बिक्री के संदर्भ में राजस्व

राजस्व की पहचान इस सीमा तक की जाती है कि संभव है निगम को आर्थिक लाभ होगा और राजस्व को विश्वसनीय तरीके से मापा जा सकेगा। राजस्व को प्राप्त या प्राप्य आय के उचित मूल्य पर मापा जाता है। इसमें भुगतान की अनुबंधित शर्तों का ध्यान रखा जाता है और सरकार की तरफ ले लिए गए कर या शुल्कों को शामिल नहीं किया जाता।

वस्तुओं/स्टॉक की बिक्री एवं बिक्री वस्तुओं के संबंध में राजस्व चालान बनाने के समय या वस्तुओं का नियंत्रण खरीददारों को दिए जाने के समय, आमतौर पर वस्तुओं की डिलीवरी किए जाने और डिलीवरी किए जाने के प्रमाण पर, स्वीकार किया जाता है। वस्तुओं की बिक्री से मिलने वाले राजस्व को प्राप्त या प्राप्य आय के उचित मूल्य, शुद्ध रिटर्न एवं भत्तों, व्यापार छूट एवं बड़ी छूट पर मापा जाता है।

सेवा की बिक्री के संबंध में राजस्व बिल बनाए जाने के समय या खरीददारों को सेवा दे दी जाने पर, आमतौर पर सेवा के प्रमाण पर स्वीकार किया जाता है। सेवा की बिक्री से मिलने वाला राजस्व प्राप्त या प्राप्य आय के उचित मूल्य पर मापा जाता है।

निगम, परियोजना लागत के आधार पर समय–समय पर निर्धारित किए जाने वाले स्लैब दरों पर संचालन लाभ (ऑपरेटिंग मार्जिन) निर्धारित करता है। आमतौर पर संचालन लाभ दर परियोजना लागत के विपरीत होता है यानि परियोजना की लागत जितनी अधिक होगी संचालन लाभ दर उतना कम होगा। परियोजना लागत में होने वाली वृद्धि के कारण संचालन लाभ दर में होने वाली कोई भी अनुवर्ती कमी का लेखा–जोखा वर्ष के समाप्त होने पर या परियोजना के बंद होने के समय संबंधित क्रेडिट नोट जारी कर किया जाता है। इस प्रकार जारी किए गए क्रेडिड नोट आय के संबंधित मदों से हटा दिए जाते हैं।

ब्याज से होने वाली आय

सभी ऋण साधनों के लिए जो अन्य व्यापक आय के माध्यम से ऋणशोधन लागत पर या उचित मूल्य पर मापे गए हों, ब्याज से होने वाली आय को प्रभावी ब्याज दर (EIR) का प्रयोग कर दर्ज किया जाता है। EIR वह दर होती है जिस दर पर या अल्प अवधि के लिए, जहां उचित हो, वित्तीय संपत्ति के सकल रख–रखाव लागत या वित्तीय क्षमता की ऋणशोधन लागत तक, वित्तीय साधन की अपेक्षित जीवन पर अनुमानित भावी नकद भुगतानों या पावतियों पर छूट दी जाती है। प्रभावी ब्याज दर की गणना करते समय, कंपनी वित्तीय साधन के सभी अनुबंधात्मक शर्तों (जैसे पूर्वभुगतान, विस्तार, मांग और समान विकल्पों) पर विचार करते हुए अपेक्षित नकद प्रवाह का

अनुमान लगाती है लेकिन अपेक्षित ऋण हानि पर विचार नहीं करती। ब्याज से होने वाली आमदनी को वित्त आय में लाभ और हानि कथन में शामिल किया जाता है।

viii. विभिन्न मंत्रालयों/सरकारी विभागों से अनुदान परियोजना हेतु अग्रिम

एनआईसीएसआई को विभिन्न मंत्रालयों/सरकारी विभागों से वस्तु और सेवा की बिक्री हेतु अग्रिम प्राप्त हुआ है। ये लेनदेन निकाय के सामान्य व्यापारिक लेनदेन हैं। मंत्रालयों से मिले अग्रिम को वित्तीय कथन में, 'अन्य वर्तमान देनदारियों' के मद में 'उपभोक्ताओं से मिले अनुदान' के रूप में अलग से बताया गया है, क्योंकि ये सामान्य व्यापारिक लेनदृदेन हैं। इन अग्रिमों का प्रयोग संबंधित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए किया जाता है और यदि एनआईसीएसआई के पास संबंधित परियोजना के समाप्त होने पर धनराशि बच जाती है तो उस धनराशि को ब्याज समेत (यदि हो) अनुदाता संस्थान को वापस कर दिया जाता है। सभी अनुदान सहायता राशि केवल परियोजनाओं के लिए प्राप्त किए जाते हैं।

एनआईसीएसआई हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर खरीदने और कर्मचारी प्रदान करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों से मिलने वाले आदेशों को लागू करता है। यह अपने निदेशक मंडल द्वारा समय–समय पर अनुमोदित दरों के अनुसार प्रत्येक आदेश के कुल लागत पर संचालन लाभ लेता है। एनआईसीएसआई विभागों/संगठनों से ऐसे आदेशों के लिए अग्रिम के रूप में धन प्राप्त करता है। एनआईसीएसआई को किसी अन्य रूप में सरकारी मदद नहीं मिलती, जिससे उसे प्रत्यक्ष रूप से लाभ हो। एनआईसीएसआई को रियायती दर या मुफ्त में किसी प्रकार का मौद्रिक या गैर–मौद्रिक संपत्ति अनुदान नहीं दिया गया है।

एनआईसीएसआई मंत्रालयों/विभागों द्वारा अनुदान जारी किए जाने हेतु सभी प्रशासनिक अनुमोदनों/मंजूरियों से जुड़े सभी नियमों और शर्तों को पूरा करता है।

ix. सामान (इन्वेंटरी)

सामान की लागत में खरीद पर किया गया सभी प्रकार का खर्च, रूपांतरण खर्च और सामानों को उनके वर्तमान स्थान एवं स्थिति पर लाने में हुए सभी खर्च शामिल होते हैं। सामान (सॉफ्टवेयर के सामान समेत) का मूल्यांकन लागत या शुद्ध प्राप्ति मूलय पर, फर्स्ट–इन–फर्स्ट– आउट (फीफो/FIFO) विधि पर जो भी कम हो, पर किया गया है। उपभोग्य वस्तुओं पर खरीद के वर्ष में राजस्व शुल्क लिया गया है, जो नगण्य हैं।

x सेवानृत्ति लाभ

एनआईसी के साथ किए गए समझौते के अनुसार, अवकाश वेतन एवं पेंशन योगदान के लिए दी जाने वाली धनराशि की गणना संबंधित कर्मचारी के मूल वेतन और वेतनमान (ग्रेड पे) पर की जाएगी जो कि भारत सरकार द्वार निर्धारित एवं एनआईसी को पारित प्रतिशत पर आधारित होगा। कंपनी कर्मचारियों को ऐसी किसी प्रकार की अन्य सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान करने की उत्तरदायी नहीं है, जिसे भविष्य में एनआईसी द्वारा वहन किया जाना हो।

xi. पूर्व अवधि मद (प्रायर पीरियड आइट्म्स)

पूर्व अवधि मद निकाय के पूर्व अवधि वित्तीय कथनों में चूक/गलत बयानी होता है, इसमें बैलेंसशीट में किया गया गलत वर्गीकरण भी शामिल है। भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) 8 के अनुसार अनुमोदित वित्तीय कथन के पहले सेट में पूर्व अवधि मद की गलतियों को पूर्वप्रभावी रूप में सुधारने की आवश्यकता होती है, उनकी पहचान किए जाने के बाद, प्रस्तुत किए गए पूर्व अवधियों के लिए, जिसमें गलति हुई है, तुलनात्मक धनराशि को फिर से लिख कर। हालांकि यदि ऐसा करना अव्यवहारिक हो यानि यदि कोई निकाय प्रत्येक उचित प्रयास करने के बाद भी ऐसा कर पाने में असमर्थ हो तो भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार ऐसे पूर्व अवधि मदों के पहले की अवधि की तुलना में पुनर्कथन की आवश्यकता नहीं है।

xii. रिपोर्ट की जाने वाली अवधि के बाद की घटनाएं

निगम को, प्रत्येक वर्ष, रिपोर्ट की जाने वाली अवधि के समाप्त होने के बाद रिपोर्ट की जाने वाली अवधि से संबंधित कुछ व्यय चालान मिलते हैं। एक रिपोर्टिंग अवधि से संबंधित व्यय चालान, जो निगम को रिपोर्ट की जाने वाली अवधि के बाद लेकिन प्रबंधन द्वारा कट–ऑफ तिथि को मंजूर किए जाने या निगम के निदेशक मंडल द्वारा लेखापरीक्षित वित्तीय कथनों को मंजूर किए जाने से पहले मिलते हैं, को रिपोर्ट की जाने वाली अवधि के बाद की समायोजित घटना माना जाता है और वे जिस रिपोर्ट की जाने वाली अवधि से संबंधित

होते हैं उसी का माना जाता है। ऐसे व्यय चालानों पर होने वाली संबंधित आय भी उसी रिपोर्टिंग अवधि में शामिल की जाती है। व्यय चालान, एक रिपोर्ट की जाने वाली अवधि से संबंधित, जो निगम को रिपोर्ट की जाने वाली अवधि के बाद और प्रबंधन द्वारा कट–ऑफ तिथि को मंजूर किए जाने या निगम के निदेशक मंडल द्वारा लेखापरीक्षित वित्तीय कथनों को मंजूर किए जाने के बाद मिलता है, को रिपोर्ट की जाने वाली अवधि के बाद की गैर–समायोजित घटना माना जाता है और रिपोर्ट की जाने वाली जिस अवधि में ऐसे चालान मिलते हैं, उसी अवधि में इसे शामिल किया जाता है। इससे होनी वाली आय भी व्यय चालान मिलने वाली रिपोर्टिंग अवधि में शामिल की जाती है और उसी में इसका लेखा–जोखा किया जाता है।

xiii. पट्टा

कंपनी ने संशोधित पूर्वव्यापी दृष्टिकोण का उपयोग कर भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) 116 को लागू किया है और इसलिए तुलनात्मक सूचना को फिर से नहीं लिखा गया है और उसे भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) 17 में रिपोर्ट किया जाना जारी है।

पट्टेदार के रूप में

कंपनी संपत्ति का उचित उपयोग करती है और उस पर पट्टा आरंभ तिथि पर पट्टा देयता है। संपत्ति के उचित उपयोग को शुरुआत में लागत पर मापा जाता है, जिसमें आरंभ तिथि को या उससे पहले किसी भी पट्टे भुगतान के लिए समायोजित की गई पट्टा देयता की आरंभिक धनराशि के साथ किया गया कोई भी आरंभिक प्रत्यक्ष खर्च और अंतर्निहित संपत्ति को ढहाने और हटाने में होने वाले खर्च का अनुमान या अंतर्निहित संपत्ति या जिस स्थान पर वह है, उसकी मरम्मत करने का खर्च में से मिलने वाले किसी प्रकार के पट्टा प्रलोभन को घटा लिया जाता है।

संपत्ति के उचित उपयोग का बाद में सीधी–रेखा पद्धति का उपयोग कर, आरंभ तिथि से संपत्ति के उचित उपयोग के उपयोगी जीवन के समाप्त होने या पट्टा अवधि समाप्त होने की तिथि पर मूल्यह्रास किया गया है। संपत्ति के उचित उपयोग की अनुमानित उपयोगी जीवन का निर्धारण संपत्ति और उपकरण के उपयोगी जीवन निर्धारण वाले आधार पर ही किया जाता है। इसके अलावा, संपत्ति का उचित उपयोग, समय–समय पर होने वाले नुकसान से हुई हानि से कम कर लिया जाता है, यदि हो, और पट्टा देयता की कुछ पुनः–पैमाइश के लिए समायोजित किया जाता है।

पट्टा देयता की गणना शुरुआत में पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य, जिनका पट्टा आरंभ होने की तिथि पर भुगतान नहीं किया गया हो, पर की जाती है; ब्याज दर का प्रयोग कर (यानि सरकारी बॉन्ड की औसत ब्याज दर –7.75%) छूट दी जाती है।

पट्टा देयता को मापने में शामिल पट्टा भुगतान में निम्नलिखित होते हैं:

- निश्चित भुगतान, इन–सब्सटांस फिक्स्ड पेमेंट्स समेत।
- किसी सूचकांक या दर पर निर्भर करने ले परिवर्तनीय पट्टा भुगतान, शुरुआत में इसकी गणना आरंभ तिथि के सूचकांक या दर का उपयोग कर की जाती है;
- अवशिष्य मूल्य गारंटी के तहत देय धनराशि; और
- खरीद विकल्प के तहत अभ्यास मूल्य (एक्सरसाइज प्राइस) जो कंपनी के अपनाना यथोचित है, यदि कंपनी विस्तार विकल्प चुनती है तो वैकल्पिक नवीकरण अवधि में पट्टे का भुगतान और जब तक कंपनी समय से पहले समाप्त किए जाने को यथोचित निश्चित न हो पट्टे का समय से पहले समाप्त किए जाने पर जुर्माना।

पट्टा देयता की गणना प्रभावी ब्याज विधि का उपयोग कर ऋणशोधन लागत पर की जाती है। सूचकांक या दर में होने वाले परिवर्तन से भविष्य के पट्टा भुगतान में परिर्तन होने पर, अवशिष्ट मूल्य गारंटी के तहत देय राशि से संबंधित कंपनी के अनुमान में परिवर्तन होता है या कंपनी अपने मूल्यनिर्धारण में परिवर्तन कर बताती है कि वह खरीद, विस्तार या समाप्ति विकल्प में से किसी का प्रयोग करेगी, तो इसकी गणना फिर से की जाती है।

जब पट्टा देयता की गणना इस प्रकार फिर से की जाती है, तो संपत्ति के उचित उपयोग हेतु रख–रखाव राशि के लिए उचित समायोजन किया जाता है या संपत्ति के उचित उपयोग हेतु रख–रखाव राशि को कम कर शून्य कर दिया जाता है तो इसे लाभ या हानि में दर्ज किया जाता है।

कंपनी ने 'संपत्ति, संयंत्र और उपकरण' में निवेश संपत्ति और 'अन्य वित्तीय देयताएं' में पट्टा देयता की परिभाषा पर खड़ी नहीं उतने

वाली संपत्ति के उचित उपयोग को बैलेंस शीट में प्रस्तुत किया है।

अल्पकालिक पट्टा और कम–मूल्य वाली संपत्तियों का पट्टा

कंपनी ने 12 माह के पट्टा अवधि वाले रियल स्टेट संपत्तियों के अल्पकालिक पट्टे हेतु संपत्ति के उचित उपयोग और पट्टा देयताओं के बारे में न बताने का विकल्प चुना है। कंपनी ने इन पट्टों से संबंधित पट्टा भुगतान को पट्टा अवधि के लिए सीधी–रेखा आधार पर किए गए खर्च के रूप में मान्यता दी है।

एक पट्टे को उसके शुरु होने की तिथि पर वित्त पट्टा या संचालन पट्टा के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ऐसा पट्टा जो कंपनी के स्वामित्व के अनुषंगी सभी जोखिमों एवं पुरस्कारों का पर्याप्त हस्तांतरण करता है, वित्त पट्टा कलता है। वित्त पट्टे का पूंजीकरण, आरंभ होने की तिथि पर पट्टे की शुरुआत पर, पट्टे पर दी गई संपत्ति के उचित मूल्य या यदि कम हो, न्यूनतम पट्टा भुगतान के वर्तमान मूल्य पर किया जाता है। पट्टा भुगतान को वित्त शुल्कों एवं पट्टा देयता में कमी में बांट दिया जाता है ताकि शेष देयता पर स्थिर ब्याज दर निर्धारित किया जा सके। वित्त शुल्कों को लाभ और हानि कथन में वित्त खर्च के रूप में लिखा जाता है, जब तक वे अर्हक संपत्तियों के लिए प्रत्यक्ष रूप से योगदानकारी न हों, ऐसे मामले में इनका पूंजीकरण उधार लागत पर कंपनी की सामान्य नीति के अनुसार किया जाता है। आकस्मिक किराया (रेंटल्स) खर्च माने जाते हैं और जिस अवधि में किए जाते हैं उसी अवधि में लिखे जाते हैं।

पट्टा पर ली गई संपत्ति का संपत्ति के उपयोगी जीवन के अनुसार मूल्यह्रास होता है। हालांकि, यदि पट्टा अवधि के समाप्त होने पर यदि कंपनी द्वारा स्वामित्व पाए जाने की कोई उचित निश्चितता न हो तो संपत्ति का मूल्यह्रास संपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन और पट्टा अवधि के निकट किया जाता है।

संचालन पट्टा भुगतान को पट्टा अवधि पर सीधीदृ रेखा आधार पर लाभ और हानि कथन में खर्च के रूप में लिखा जाता है।

इस बात का निर्धारण करना कि क्या कोई व्यवस्था एक पट्टा (या निहित) है, पट्टे के शुरुआत में संपत्ति की व्यवस्था पर आधारित होता है। व्यवस्था एक पट्टा या निहित, तब होता है जब व्यवस्था की पूर्ति विशेष संपत्ति या संपत्तियों के उपयोग पर निर्भर हो और व्यवस्था में संपत्ति या संपत्तियों के उपयोग का अधिकार दिया गया हो, तब भी जब व्यवस्था में अधिकार स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट न हों।

पट्टा युक्त व्यवस्था का मूल्यांकन संक्रमण तिथि पर वित्त या संचालन पट्टा के रूप में वर्गीकरण हेतु उस तिथि पर भारतीय लेखांकन मानक आधार के लिए वर्तमान तथ्यों एवं परिस्थितियों पर, भारतीय लेखांकन मानक (Ind–AS) 101 पहली–बार भारतीय लेखांकन मानक को अपनाना के अनुसार संक्रमण तिथि यानि 1 अप्रैल 2016 को किया गया है।

xiv. आय कर

वर्तमान आय कर

वर्तमान आय कर संपत्ति एवं देनदारियों की गणना कराधान प्राधिकरणों से मिलने वाली या उन्हें देय अपेक्षित धनराशि पर की जाती है। इस धनराशि की गणना के लिए उपयोग में लाई जाने वाली कर दरें और कर कानून वे हैं जो भारत में रिपोर्ट की जाने वाली तिथि पर अधिनियमित या निश्चित रूप से अधिनियमित थे।

लाभ और हानि के बाहर रखे गए वर्तमान आयकर संबंधी मद को लाभ या हानि के बाहर रखा गया है (या तो अन्य व्यापक आय में या इक्विटी में)। प्रबंधन समय–समय पर स्थिति के अनुसार टैक्स रिटर्न की स्थिति का आकलन करती है जिसमें लागू कर नियम व्याख्या के अधीन होते हैं और जहां उचित हो वहां प्रावधान बनाए जाते हैं।

वर्तमान आय कर संपत्ति एवं देयता को समायोजित किया जाता है यदि इनके समायोजन हेतु कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार हों।

आस्थगित कर

आस्थगित कर की गणना रिपोर्ट की जाने वाली तिथि पर संपत्तियों एवं देयताओं के कर आधार और वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्यों हेतु रख–रखाव राशि के अस्थायी अंतर पर देयता विधि का उपयोग कर किया जाता है।

आस्थगित कर सभी करयोग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्य होता है।

आस्थगित कर संपत्तियां कटौती योग्य सभी अस्थायी अंतरों, अप्रयुक्त कर क्रेडिट को आगे बढ़ाने एवं किसी भी अप्रयुक्त कर हानि के लिए मान्य होती हैं। आस्थगित कर संपत्तियां उस सीमा तक मान्य हैं जिस सीमा तक कटौती योग्य अस्थायी अंतरों पर कर

योग्य लाभ मिले और अप्रयुक्त कर क्रेडिट को आगे बढ़ाने एवं किसी भी अप्रयुक्त कर हानि का उपयोग किया जा सके।

आस्थगित कर संपत्तियों की रख–रखाव राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर की जाती है और उसे उस सीमा तक कम किया जाता है जहां तक आस्थगित कर संपत्ति के पूर्ण या अंश के उपयोग किए जाने की अनुमति देने हेतु पर्याप्त कर योग्य लाभ उपलब्ध होने की संभावना न हो। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर गैर–मान्यताप्राप्त आस्थगित कर संपत्तियों की पुनर्मूल्यांकन किया जाता है और उसे उस सीमा तक मान्यता प्रदान की जाती है जिस सीमा तक भविष्य में कर योग्य लाभ के आस्थगित कर संपत्ति वसूली की अनुमति देने की संभावना हो।

ऐसी स्थितियों में जिनमें कंपनी, भारत में अधिनियमित, आय कर अधिनियम, 1961 के तहत कर–मुक्त अवधि की हकदार हो, अस्थायी अंतरों के संदर्भ में कर–मुक्ति अवधि के दौरान रद्द (रिवर्स) किया गया कोई भी आस्थगित कर (संपत्ति या देयता) मान्य नहीं होगा।

अस्थायी अंतरों के संदर्भ में आस्थगित कर जिन्हें कर–मुक्त अवधि के बाद रिवर्स कर दिया गया था उसे जिस वर्ष वह अस्थायी अंतर पैदा हुआ उसी वर्ष का माना जाएगा।

हालांकि, कंपनी आस्थगित कर संपत्तियों को उसी सीमा तक मान्यता देगी जिस सीमा तक यह निश्चित होगा कि भविष्य में पर्याप्त कर योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके खिलाफ ऐसी आस्थगित कर संपत्तियों की वसूली की जा सके।

आस्थगित कर संपत्तियों और देनदारियों की गणना उन कर दरों पर की जाती है जिनके संपत्ति से वसूली या देनदारी चुकाने के वर्ष में लागू होने की संभावना हो, यह रिपोर्ट की जाने वाली तिथि पर अधिनियमित या पर्याप्त रूप से अधिनियमित कर दरों (और कर कानूनों) पर आधारित हैं।

लाभ या हानि के बाहर स्वीकृत वस्तुओं से संबंधित आस्थगित कर को लाभ या हानि के बाहर (ओसीआई या इक्विटी में) स्वीकृत किया गया है। आस्थगित कर वस्तुओं को ओसीआई (OCI) या सीधे इक्विटी में अंतर्निहित लेनदेन के सहसंबंध में स्वीकृत है।

आस्थगित कर संपत्तियों और आस्थगित कर देयताओं का समायोजन किया जा सकता है यदि वर्तमान कर देयताओं के खिलाफ वर्तमान कर संपत्तियों के समायोजन के लिए कानून प्रवर्तनीय अधिकार हों और आस्थगित कर उसी करयोग्य निकाय और उसी कराधान प्राधिकरण से संबंधित हो।

न्यूनतम वैकल्पिक कर

न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी/MAT) का भुगतान कर कानूनों के अनुसार किया जाता है, जो भविष्य में होने वाली आय पर कर देयता के समायोजन के रूप में आर्थिक लाभ देता है, को संपत्ति माना जाता है यदि इस बात के पूर्ण प्रमाण हों के कंपनी सामान्य आयकर का भुगतान करेगी। तदनुसार, एमएटी को बैलेंस शीट में संपत्ति बताया जाता है जब इस बात की संभावना हो कि इससे जुड़े भावी आर्थिक लाभ कंपनी को मिलेंगे।

xv. गैर–वित्तीय संपत्तियों की हानि

कंपनी ने वित्त वर्ष 2010–11 से 2013–14 के दौरान एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर एनआईसीएसआई में आए कर्मचारियों के लिए एनआईसीएसआई के सेवा नियमों के आधार पर एलटीसी के मद में 189 लाख रु. की धनराशि की प्रतिपूर्ति की है। कंपनी ने 17.05.2006 को निदेशक मंडल की हुई 49वीं बैठक में अनुमोदित सेवा नियमों के आधार इस धनराशि की प्रतिपूर्ति की थी, जो डीईपी/डीओपीटी दिशानिर्देशों और सीसीएस एलटीसी नियमों के अनुरूप नहीं था। इसके बाद इन सेवा नियमों को 11.11.2014 को एनआईसीएसआई द्वारा सुधार हेतु एनआईसी/इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेजा गया। बोर्ड की मंजूरी के अनुसार वसूली किश्तों में की जाएगी, एनआईसीएसआई ने मई, 2015 में कर्मचारियों के वेतन से धनराशि की पुनर्प्राप्ति कर ली थी। इस वसूली के खिलाफ कर्मचारियों ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायलय में रिट याचिका दायर की और अदालत ने दिनांक 09.06.2015 को दिए गए 'आदेश' के माध्यम से, कर्मचारियों से धनराशि वसूलने पर 'रोक/स्टे' लगा दी, मामले पर अंतिम फैसला किया जाना बाकी है। आखिरकार, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने, दिनांक 18.03.2016 को दिए अपने फैसले में कहा कि, 'सेवा शर्तों जो वर्तमान अपीलकर्ताओं को एनआईसीएसआई में प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन को प्रेरित करती हैं और उदार एलटीसी विकल्प दिया। इस विकल्प का लगातार लाभ उठाया गया। एलटीसी नियमों में संशोधन किया गया और इस बात पर विवाद नहीं है कि एनआईसीएसआई के मूल नियम और उसमें किए गए संशोधन लागू रहेंगे। ऐसी परिस्थितियों में, सेवा शर्तों में बदलाव किए बिना खर्च की जा चुकी धनराशि की वसूली नहीं की जा सकती। तदनुसार, प्रतिवादी को 2010 से पहले संगठन में शामिल हो चुके कर्मचारियों से या जिन पर 2010 के संशोधन लागू नहीं होते, उनसे, प्रतिनियुक्ति शर्तों से अधिक दी गई धनराशि को ही वसूलने की अनुमति है। अपील उस सीमा तक अनुमित है।'

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने, दिनांक 14.07.2016 को लिखे पत्र के माध्यम से एनआईसीएसआई को निर्देश दिया कि वह ऐसे कर्मचारियों से अधिक–भुगतान की वसूली करना जारी रखे जिन्होंने अनियमित तरीके से एलटीसी लिया हो। दिनांक 29.07.2016 को लिखे पत्र के माध्यम से एनआईसीएसआई ने इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को बताया कि वर्तमान निर्देशों के अनुसार एनआईसीएसआई ने एलटीसी के मद में कर्मचारियों को किए गए अतिरिक्त–भुगतान को वसूलने की प्रक्रिया फिर से शुरु कर दी है और इस बारे में 29.07.2016 को एक कार्यालय ज्ञापन भी जारी किया गया था, जिसमें यह सूचित किया गया था कि यह वसूली अगस्त, 2016 माह के वेतन से की जाने लगेगी। एनआईसीएसआई द्वारा इस मामलों को 16.08.2016 को इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

प्रभावित होने वाले कर्मचारियों ने एनआईसीएसआई के दिनांक 29.07.2016 के कथित कार्यालय आदेश के अनुसार वसूली प्रक्रिया के फिर से शुरु किए जाने के खिलाफ माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की, जिसमें एनआईसीएसआई और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दोनों को ही प्रतिवादी बनाया गया था। इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयने मामले पर फिर से विचार किया और दिनांक 17.03.2017 को की गई टिप्पणी के माध्यम से एनआईसीएसआई को माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा इस मामले पर 18.03.2016 को किए गए निर्णय का पालन करने की सलाह दी। इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के दिशानिर्देशों के आधार पर एनआईसीएसआई ने दिनांक 21.03.2017 को एक कार्यालय आदेश जारी किया जिसमें "एनआईसी/एनआईसीएसआई कर्मचारियों द्वारा किए गए एलटीसी दावों की वसूली नहीं किए जाने और वसूली जा चुकी रकम को आने वाले समय में संबंधित अधिकारियों को वापस कर दिए जाने' का उल्लेख था। तदनुसार, प्रतिवादियों ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायलय की 23.03.2017 को की गई सुनवाई में दिनांक 21.03.2017 के कार्यालय आदेश की प्रतिलिपि प्रदान कर अपने निर्णय के बारे में बताया। इसके बाद अवमानना याचिका को निरस्त कर दिया गया और प्रतिवादियों को दिनांक 21.03.2017 के कार्यालय आदेश को प्रभावी करने का निर्देश दिया गया। एनआईसीएसआई ने तदनुसार कार्यवाही की और प्रत्येक व्यक्ति को उनसे वसूली गई रकम वापस कर दी।

इस बीच, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा संसद में पेश की गई अपनी रिपोर्ट– 'मार्च, 2014 में समाप्त हुए वर्ष की रिपोर्ट–केंद्र सरकार (संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र)–2015 की सं. 55" में शामिल किया। वर्तमान में यह संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के पास है।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उपरोक्त के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय को सूचना दी थी। इसमें माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्णय को भी शामिल किया गया था। इसके बाद भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय ने माननीय अदालत के निर्णय की प्रति और एनआईसीएसआई सेवा नियमों में संशोधन पर सरकार की मंजूरी की प्रति मांगी। माननीय अदालत के निर्णय की प्रति भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई थी, और उन्हें सूचित किया गया था कि एनआईसीएसआई सेवा नियमों में संशोधन का मामला अभी भी सरकार के विचाराधीन है। इस प्रकार, सरकार से एनआईसीएसआई सेवा नियमों के संशोधन पर मंजूरी हेतु मामला अभी भी लोक लेखा समिति के पास विचाराधीन है। मामले की स्थिति पिछले वर्ष जैसी ही है।

52. एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर आए एनआईसीएसआई कर्मचारियों को परियोजना प्रोत्साहन

पीएंडटी लेखा कार्यालय से मिले लेखापरीक्षा टिप्पणी के आधार पर एनआईसीएसआई ने नवंबर, 2014 में संशोधन हेतु अपना 'परियोजना प्रोत्साहन दिशानिर्देश' एनआईसी/इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेजा था। चूंकि इस पर मंजूरी नहीं मिली थी, एनआईसीएसआई वित्त वर्ष 2013–14 के बाद अपने कर्मचारियों को परियोजना प्रोत्साहन का भुगतान नहीं कर रही है। इसलिए, वित्त वर्ष 2019–20 के लिए इस मद में संबंध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

53. एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर एनआईसीएसआई में आए कर्मचारियों का परिवहन भत्ता और आवास किराया भत्ता

कंपनी ने एनआईसी से प्रतिनियुक्ति पर एनआईसीएसआई में आए कर्मचारियों को 01.07.2007 से 31.03.2014 की अवधि के दौरान परिवहन भत्ते में 49 लाख रु. और आवास किराया भत्ता में 17 लाख रुपये की अधिक धनराशि का भुगतान किया है। कंपनी ने 17.05.2006 को कंपनी के निदेशक मंडल की हुई 49वीं बैठक में अनुमोदित सेवा नियमों के आधार इस धनराशि का भुगतान किया था जो भारत सरकार के नियमों के अनुरूप नहीं है। इन सेवा नियमों को संशोधन हेतु 11.11.2014 को एनआईसीएसआई से एनआईसी/इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भेजा गया था। इस मामले में प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है। हालांकि, निदेशक मंडल की मंजूरी के अनुसार, एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2018–19 में इन भत्तों के लिए सरकारी नियमों का पालन किया। मामले पर स्थिति पिछले वर्ष जैसी ही है।

54. सहायता अनुदान परियोजनाओं की अप्रयुक्त अनुदानराशि पर ब्याज

एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2019–20 में सहायता अनुदान परियोजनाओं में वास्तविक आधार पर ब्याज की गणना वर्ष में एनआईसीएसआई ने जिन ब्याज दरों पर सावधि जमा (एफडी) की थी, उसके अनुसार की और वित्त वर्ष 2018–19 इसने 31.03.2018, वित्त वर्ष 2018–19 और वित्त वर्ष 2019–20 की अवधि के लिए संबंधित परियोजना के प्रत्येक खाता–बही में विभेदक ब्याज दर का उल्लेख किया, निम्न अनुसारः

₹ लाखो में

अवधि	एनकेएन परियोजना	अन्य जीआईए परियोजना	कुल
31.03.2018 तक	1414.74	3351.27	4766.01
वित्त वर्ष 2018–19 के लिए	77.45	535.60	613.05
वित्त वर्ष 2019–20 के लिए	27.87	397.49	425.36

55. सहायता अनुदान परियोजनाओं में ब्याज की वापसी पर पीएंडटी लेखा कार्यालय से लेखापरीक्षा अनुच्छेद का मसौदा (ड्राफ्ट ऑडिट पैरा)

वित्त वर्ष 2011–2012 तक, कंपनी दाता संस्थान से परियोजनाओं के लिए मिलने वाली धनराशि को अनुदान पावती के स्थान पर 'उपभोक्ता से प्राप्त अग्रिम' मान रही थी और तदनुसार अप्रयुक्त धनराशि पर अनुदाता संस्थान को किसी प्रकार का ब्याज नहीं दिया गया।

निदेशक मंडल ने, 21–12–2011 को हुई बैठक के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बचत खाता में लागू ब्याज दर के अनुसार समय–समय पर अनुदान सहायता परियोजनाओं में उपलब्ध अप्रयुक्त धनराशि पर अर्जित ब्याज की गणना और वापसी करने की मंजूरी दी। तदनुसार कंपनी ने ब्याज की गणना की यानि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बचत खाते पर लागू ब्याज दर पर और अनुदाता संस्थान को धनराशि वापस की जबकि अनुदाता संस्थान द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार, सहायता अनुदान परियोजनाओं के अप्रयुक्त शेष पर अर्जित वास्तविक ब्याज को वापस किया जाना है। अनुदाता विभागों ने वित्त वर्ष 2016–17 तक व्यक्तिगत परियोजना हेतु दिए गए ब्याज को स्वीकार कर लिया है और इनमें से ज्यादातर परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और उनका हिसाब–किताब कर दिया गया है। हालांकि, कंपनी द्वारा सरकार को अनुदान सहायता परियोजनाओं में कम ब्याज की वापसी से संबंधित मामला (पारा) कैग कार्यालय में चल रहा है। एनआईसीएसआई ने मामले (पारा) पर उत्तर दिया है और वह अभी भी कैग कार्यालय में विचाराधीन है।

इस बीच, निदेशक मंडल ने 28.03.2017 को आयोजित अपनी 100वीं बैठक में, मामले पर फिर से विचार किया और एनआईसीएसआई को वास्तिव आधार पर सहायता अनुदान परियोजनाओं पर ब्याज वापसी करने की सलाह दी।

तदनुसार वित्त वर्ष 2018–19 में एनआईसीएसआई ने अनुदान सहायता परियोजनाओं पर, बीते वर्षों में और साथ ही, वित्त वर्ष 2018–19 में एनआईसीएसआई ने जिन ब्याज दरों पर सावधि जमा की थी, उसके अनुसार ब्याज की गणना वास्तिव आधार पर की और इसके अनुसार, 31.03.2018 तक और वित्त वर्ष 2018–19 के लिए संबंधित परियोजना के प्रत्येक बहीखाते में विभेदक ब्याज प्रदान किया, इस प्रकारः

तदनुसार, वित्त वर्ष 2018–19 में, एनआईसीएसआई ने अनुदान सहायता परियोजनाओं पर, बीते वर्षों में एनआईसीएसआई ने जिन ब्याज दरों पर सावधि जमा की थी, उसके अनुसार ब्याज की गणना वास्तिव आधार पर की और इसके अनुसार, 31.03.2018 तक संबंधित परियोजना के प्रत्येक बहीखाते में विभेदक ब्याज प्रदान किया जो कुल 4766.01 लाख रु. है (यानि एनकेएन परियोजनाओं में 1414.74 लाख रु. और अन्य अनुदान सहायता परियोजनाओं में 3351.27 लाख रु.)।

पीएंडटी लेखा कार्यालय, पत्र सं. AMG-II / Rep PSU/DAP/9993/NICSI / D–2024 दिनांक 14.01.2020 के माध्यम से, "26.36 करोड़ रुपयों की हानि और अनुदान सहायता परियोजनाओं में नियमों और शर्तों का पालन नहीं करने के कारण देनदारियों में 78.38 करोड़ रुपयों की कम बयानी" पर एनआईसीएसआई को ड्राफ्ट ऑडिट पारा (डीएपी) दिया। लेखापरीक्षा का विचार यह है कि एनआईसीएसआई ने बीते वर्षों में अनुदान सहायता परियोजनाओं में ब्याज से होने वाली आमदनी पर दिए जाने वाले कॉरपोरेट कर को कम कर दिया है और विभेदक ब्याज की वापसी करने के दौरान, इसने पहले भुगतान किए जा चुके कॉरपोरेट कर को घटा लिया और इसलिए इसे, पहले भुगतान किए जा चुके कॉरपोरेट कर की वापसी के संबंध में मामले को सीबीडीटी / आय कर विभाग के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। एनआईसीएसआई ने दिनांक 04.12.2019 को अपने ऑडिट मेमो सं. 12 पर दिनांक 09.12.2019 को दिए उत्तर के माध्यम से पीएंडटी ऑडिट कार्यालय को सूचित किया कि चूंकि कॉरपोरेट कर भारत सरकार यानि आय कर विभाग को वित्त वर्ष 2012–13 से लगातार दिया जा रहा है, इसलिए इसने मामले को आय कर विभाग के सामने प्रस्तुत नहीं किया क्योंकि एनआईसीएसआई को कॉरपोरेट कर वापस करने के बाद भी, इसे फिर से भारत सरकार (यानि अनुदाता संस्थाओं) को फिर से वापस करना होगा।

56. व्यापार प्राप्य

एनआईसीएसआई भारत सरकार एवं राज्यों / केंद्र प्रशासित प्रदेशों के विभिन्न मंत्रालयों / विभागों / संगठनों से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में नई परियोजनाओं का कार्यान्वयन करती है। सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) के प्रावधानों के अनुसार, ये एनआईसीएसआई को दिए जाने वाले अग्रिम को 40% या ऐसा कुछ प्रतिशत तक सीमित करते हैं, जबकि कई मामलों में मुख्य रूप से आईसीटी हार्डवेयर की खरीद के संबंध में, एनआईसीएसआई को पूरी क्षमता में कार्य आदेश जारी करना होता है और ऐसी वस्तुओं की डिलीवरी / प्रतिस्थापन के बाद, एनआईसीएसआई को कार्य आदेशों में उल्लिखित भुगतान शर्तों के अनुसार विक्रेताओं को भुगतान करना होता है। कई बार, यह, व्यापार प्राप्य होता है, वित्तीय कथनों की नोट सं. 10 में विवरण है, 31 मार्च 2020 तक 27,422.87 लाख रु. (पिछले वर्ष 27,287.68 लाख रु.) के व्यापार प्राप्य धनराशि का, एनआईसीएसआई समय–समय पर इसकी प्राप्ति हेतु संबंधित विभागों / संगठनों से संपर्क करती रहती है।

57. 5वां तल, शास्त्री पार्क, दिल्ली के लिए अवधि पूर्व मूल्यह्रास

एनआईसीएसआई ने 5वां तल, शास्त्री पार्क के लिए आंतरिक सज्जा का कार्य मेसर्स एनबीसीसी लिमि. को दिया था। काम के पूरा होने के बाद इस तल पर वित्त वर्ष 2016–17 से काम शुरु हो चुका है। हालांकि, एनआईसीएसआई ने मेसर्स एनबीसीसी लिमि. को अंतिम भुगातन वित्त वर्ष 2018–19 में किया। तदनुसार, वित्त वर्ष 2016–17 और 2017–18 के लिए 455.22 लाख रु. का मूल्यह्रास को वित्त

वर्ष 2018–19 में अन्य इक्विटी के तहत आरोपित किया गया है।

58. संदिग्ध ऋण राशि जिनकी वसूली की संभावना नहीं है, की व्यवस्था

कंपनी की लेखांकन नीति के अनुसार, बैलेंस शीट तिथि पर 3 वर्ष से अधिक समय से बकाया व्यापार प्राप्यों पर 5% की दर का प्रावधान है। पीएंडटी ऑडिट ने पाया है कि कंपनी ने संदिग्ध ऋणों की व्यवस्था के लिए जो नीति अपनाई है, उसमें कमी है।

पीएंडटी ऑडिट के उपरोक्त जांच पर और एनआईसीएसआई द्वारा पिछले वर्ष के खातों पर आश्वासन दिए जाने को देखते हुए, एनआईसीएसआई में समीक्षा करने और जिन संदिग्ध धनराशि के प्राप्त होने की संभावना नहीं हैं उनके लिए वित्त वर्ष 2019–20 के खातों में प्रावधान करने पर अनुशंसा हेतु एक समिति बनाई गई थी।

वित्त वर्ष 2019–20 के लिए एनआईसीएसआई के खातों में जिन संदिग्ध धनराशि के प्राप्त होने की संभावना नहीं है उनके लिए 'व्यवस्था' इस प्रकार की गईः

(लाखों में)

अवधि	बकाया राशि	प्रतिशत में प्रावधान	वित्त वर्ष 2019–20 में प्रावधान	वित्त वर्ष 2018–19 में प्रावधान
10 वर्षों से अधिक	5,410.02	100	5,410.02	5,105.01
5 से 10 वर्ष	4,389.95	50	2,194.98	3,926.59
3 से 5 वर्ष	3,321.39	25	8,30.35	858.00
3 वर्षों तक	14301.51	NIL	NIL	NIL
योग	**27,422.87**		**8435.35**	**9,889.60**

59. आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम हेतु प्रावधान

वित्त वर्ष 2017–18 के लिए लेखापरीक्षा करते समय पीएंडटी लेखापरीक्षा ने पाया कि आपूर्तिकर्ताओं को दिए जाने वाला 984.16 लाख रुपयों का अग्रिम 3 वर्ष से अधिक पुरानी अवधि के लिए है। 3 वर्ष से अधिक पुराने होने के नाते इस संबंध में प्रावधान किया जाना चाहिए था। प्रावधान नहीं किए जाने के कारण वर्तमान परिसंपत्तियों की अधिमूल्यन और प्रावधानों की गलत बयानी से लाभ को बढ़ा कर लिखा गया।

पीएंडटी लेखापरीक्षा के उपरोक्त टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए एनआईसीएसआई में आपूर्तिकर्ताओं के अग्रिम जिनकी व्यवस्था किए जाने की संभावना नहीं है, की समीक्षा करने और इसके लिए बनाए जाने वाले प्रावधानों पर विचार करने और अनुशंसा देने के लिए एक समिति बनाई गई थी।

31.03.2020 तक 3 वर्ष से अधिक समय से बकाया धनराशि के लिए वित्त वर्ष 2019–20 के खातों में आपूर्तिकर्ताओं के लिए अग्रिम की व्यवस्था के मद में 1319.16 लाख रु. (2018–19 में 1712.20 लाख रु. के भुगतान के विपरीत) की व्यवस्था की गई, एनकेएन परियोजनाओं को छोड़ कर। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, 58.27 लाख रु. की धनराशि वसूली गई इसलिए आपूर्तिकर्ताओं के अग्रिम के लिए किए गए शुद्ध प्रावधान 31–03–2020 को 1260.88 लाख रु. थे।

60. परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का वर्तमान एवं गैर–वर्तमान में वर्गीकरण

कंपनी वित्तीय कथनों में, संचालन चक्र में वसूल्यता/भुगतान के अनुमान के आधार पर परिसंपत्तियों और देनदारियों को 'वर्तमान' और 'गैर–वर्तमान' में वर्गीकृत करती है।

61. कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायितव (सीएसआर) पर खर्च

एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2019–20 (भुगतान 176.00 लाख रु.) में, 29.06.2020 को एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल की हुई 113वीं बैठक में दी गई स्वीकृति के अनुसार, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर खर्च हेतु 40 लाख. रु. का योगदान

किया, यह मंजूरी 26–06–2020 को सीएसआर समिति की हुई 5वीं बैठक के सिफारिशों पर दी गई थी।

62. अनुदान सहायता परियोजनाएं

अनुदान सहायता परियोजनाओं के लिए स्वीकृत नियमों और शर्तों के अनुसार, कंपनी ऐसी सभी परियोजनाओं के लेखा की लेखापरीक्षा सीए कंपनी से करा रही है। वर्तमान वर्ष के लिए, सभी अनुदान सहायता परियोजनाओं के लेखा की लेखापरीक्षा करा ली गई है।

63. डिस्ट्रिक्ट 2.0 – डिजिटल इंडिया इनिशिएटिव को पूरा करने के लिए जिला अवसंरचना का संवर्धन"

निदेशक मंडल ने 28 मार्च 2017 को हुई अपनी 100वीं बैठक में, परियोजना पर विचार किया और चरण–। के लिए कुल 9,900 लाख रु. के परिव्यय को मंजूरी दी जिसकी पूरी व्यवस्था एनआईसीएसआई अपने "कैश रिजर्व/नकद आरक्षित निधि" से करेगी। हालांकि परियोजना से "आमदनी/राजस्व" नहीं होगी क्योंकि इसमें एनआईसी के कुछ जिला केंद्रों के आईसीटी अवसंरचना का केवल संवर्धन किया जाना है। चूंकि इस परियोजना में कोई आमदनी नहीं होगी और बनाई गई संपत्ति न तो एनआईसीएसआई की होगी और न ही उस पर एनआईसीएसआई का अधिकार होगा, इसलिए एनआईसीएसआई ने वर्ष के दौरान इस मद में खर्च होने वाली पूरी 26.79 लाख रु. (पिछले वर्ष 5804.99 लाख रु.) की धनराशि को खर्च के रूप में आय एवं व्यय खाते में डाल दिया है।

64. आय कर एवं बिक्री कर आदि का प्रावधान

वित्त वर्ष 2017–18 के लिए लेखापरीक्षा करते समय पीएंडटी ऑडिट ने पाया कि वित्त वर्ष 2007–08 से 2014–15 से संबंधित 2,281.03 लाख रु. का टीडीएस/आय कर वापस मिलने वाली धनराशि आय कर विभाग के पास लंबित है। उपरोक्त धनराशि 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित है, कंपनी को इस संबंध में काम करना चाहिए था। हालांकि, इसके लिए कुछ नहीं किया गया। इस धनराशि से संबंधित काम नहीं किए जाने से वर्तमान परिसंपत्तियों का अधिमूल्यन हुआ और प्रावधानों की गलतबयानी से आमदनी को बढ़ा कर लिखा गया"।

पीएंडटी ऑडिट के उपरोक्त टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए, एनआईसीएसआई में आय कर प्रतिदाय, बिक्री कर वसूली और कार्य अनुबंध पर टीडीएस, जिनके प्राप्त किए जाने की संभावना कम है, से संबंधित धनराशि के लिए वित्त वर्ष 2018–19 में किए गए प्रावधानों की समीक्षा करने और अनुशंसा देने हेतु एक समिति बनाई गई थी। इस समिति की अनुशंसा के आधार पर एनआईसीएसआई के खातों में वित्त वर्ष 2019–20 में निम्नानुसार प्रावधान किए गए: –

(लाखों में)

विवरण	31 मार्च 2020 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च 2019 को समाप्त हुआ वर्ष
आय कर	1802.91	1,646.55
बिक्री कर/वैट/डीवैट	117.91	117.70
कार्य अनुबंध पर टीडीएस	2.54	2.34
कुल	1923.36	1,766.59

65. अप्रचलित आइटम्स

31.03.2020 तक कंपनी के पास चल परिसंपत्तियों की कुछ स्पष्ट अप्रचलित वस्तुएं (आइटम्स) थीं। वित्त वर्ष 2017–18 के लिए एनआईसीएसआई खातों पर समीक्षा करने के दौरान पीएंडटी लेखापरीक्षा टीम को पता चला कि 31 मार्च तक अप्रचलित वस्तुओं के ह्रासित मूल्य मान और उसके अनुमानित बिक्री मूल्य के बीच के अंतर को वर्ष के लेखा–जोखा में नहीं दिखाया गया था। तदनुसार, 31.03.2019 तक वित्त वर्ष 2017–18 के लिए अप्रचलित वस्तुओं के ह्रासित मूल्य मान और उसके अनुमानित बिक्री मूल्य के बीच के अंतर को दिखाने के लिए की जाने वाली "व्यवस्था" की जांच करने और अपनी अनुशंसा देने हेतु समिति बनाई गई थी। समिति ने 31.03.2019 तक अप्रचलित संपत्ति वस्तुओं के ह्रासित मूल्य यानि 49.89 लाख रु. को अनुमानित बिक्री मूल्य माने जाने की अनुशंसा की और इसलिए, उस वर्ष के लिए खातों में किसी प्रकार की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार, परिसंपत्तियों के भौतिक सत्यापन के आधार पर, 31.03.2020 तक अप्रचलित संपत्तियों का ह्रासित मूल्य 3.13 लाख रु. (पिछले वर्ष 49.42 लाख रु.) बताया गया और चूंकि समिति ने एक बार फिर 31.03.2020 तक अप्रचलित वस्तुओं के ह्रासित मूल्य यानि 3.13 लाख रु. को अनुमानित

बिक्री मूल्य मानने की अनुशंसा की इसलिए उस वर्ष के लिए खातों में किसी प्रकार की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

66. पूर्व अवधि मद

एनआईसीएसआई को 31 मार्च तक दी गई सेवाओं और तदनुसार पिछले वर्ष में किए गए व्यय के लिए विक्रेताओं से चालान जमा कराने के लिए प्रबंधन द्वारा अनुमोदित समय–सीमा दी गई है। 31 मार्च तक की अवधि के लिए उस तिथि तक हुई आय को उसी वित्त वर्ष में शामिल किया जाएगा। तदनुसार, वित्त वर्ष 2019–20 में मिलान अवधारणा सुनिश्चित की गई है।

कंपनी ने गलतियों और चूक को पूर्व अवधि का माना है। वर्तमान वर्ष में कोई गलती या चूक नहीं है और इसलिए कोई पूर्व अवधि व्यय या आय का उल्लेख नहीं है।

67. कोविड–19 का प्रभाव

कंपनी ने प्रदेयों, सावधि जमा और अन्य परिसंपत्तियों/देनदारियों की रख–रखाव लागत पर कोविड–19 महामारी से संबंधित उत्पन्न होने वाले संभावित प्रभावों का आकलन किया है। वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में इस महामारी के कारण संभावित भावी अनिश्चितताओं से संबंधित धारणा बनाने के लिए, अनुमोदन की तिथि तक, इन वित्तीय कथनों में आंतरिक एवं बाहरी सूचना स्रोतों का उपयोग किया गया है। वर्तमान तिथि तक, कंपनी ने निष्कर्ष निकाला है कि इन अनुमानों के आधार पर कोविड–19 का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं है। महामारी की प्रकृति के कारण, कंपनी आने वाले समय में महत्वपूर्ण अनिश्चितताओं की पहचान करने हेतु विकास कार्यों पर नजर बनाए रखेगी।

68. पिछले वर्ष के आंकड़ों का पुनर्वर्गीकरण

कंपनी ने वर्तमान वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि हेतु पिछले वर्ष के आंकड़ों का पुनर्वर्गीकरण किया है।

आज की तिथि में हमारी रिपोर्ट के अनुसार
अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार/चार्टर्ड अकाउंटेट
कंपनी पंजीकरण संख्या 002405सी

ह0/–
अक्षय सेठी
साझेदार
सदस्यता सं. 539439

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
प्रशांत कुमार मित्तल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 08710751

ह0/–
डॉ. राजेन्द्र कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 02677079

ह0/–
सन्नी जैन
कंपनी सचिव
एसीएसः 31700

ह0/–
दीपक सक्सेना
एफए/सीए

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.07.2020

स्वतंत्र लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के सदस्यों के लिए

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनो की लेखा–परीक्षा पर रिपोर्ट

क्वालिफायड ओपिनियन (Qualified Opinion)

हमने नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेस इंक ("कंपनी") के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों का लेखापरीक्षा किया है, जिसमें 31 मार्च 2020 तक की बैलेंस शीट, और आय एवं व्यय खाता, इक्विटी में परिवर्तन के कथन और समाप्त हुए वर्ष में नकद प्रवाह कथन एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के सारांश एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं समेत भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों की टिप्पणी थी।

हमारे विचार से और हमारी जानकारी के अनुसार एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण के आधार पर, हमारी रिपोर्ट में क्वालिफायड ओपिनियम खंड के आधार में वर्णित मामलों के प्रभावों के अलावा उपरोक्त वित्तीय कथन आवश्यक तरीके से कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") के तहत अनिवार्य सूचनाएं प्रदान करती हैं और भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप, 31 मार्च 2020 तक कंपनी के मामलों एवं उसके लाभ, इक्विटी में परिवर्तन और इस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए इसके नकद प्रवाह की सच्ची एवं स्पष्ट जानकारी देती है।

क्वालिफायड ओपिनियन का आधार

1. कंपनी ने 01 जुलाई 2017 से 31 मार्च 2020 तक, बाहरी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा सिस्टम ऑडिट कराए बिना ERP अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया। इस प्रणाली की संभावित कमियों के कारण भारतीय लेखांकन मानक कथनों (Ind AS Financial Statements) में बताए गए परिसंपत्तियों/देनदारियों और/या आय/व्यय पर प्रभाव, यदि कोई हो, तो वर्तमान में उसका पता लगा पाना संभव नहीं है।

2. हमारे विचार से, संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण, राजस्व अभिलेखन, खरीद अभिलेखन, कमर्चारियों को दिए गए अग्रिम/विक्रेताओं की पुष्टि/उपयोगकर्ता शेष का समन्वय, विक्रेता प्रदर्शन बैंक गारंटी जारी करने की प्रक्रिया, ई–भुगतान/या अन्य माध्यम के जरिए ग्राहक द्वारा सीधे बैंक में जमा करना एवं बकाया की वसूली, के भौतिक सत्यापन के संबंध में कंपनी में वर्तमान आंतरिक नियंत्रण, इसके संचालन के आकार एवं प्रकृति के अनुसार होना चाहिए। (अनुबंध "क" देखें)

3. व्यापार देय (नोट 19), व्यापार प्राप्य (नोट 10), उपभोक्ताओं से मिलने वाले अग्रिम (अनुदान सहायता प्राप्त परियोजनाओं समेत) (नोट 21), बयाना धन जमा रसीद (नोट 20), सुरक्षा जमा देय (नोट 18) और आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम (नोट 9 और 15) से संबंधित शेष, वर्ष के समाप्त होने पर प्राप्त किए जाने/प्राप्त होने और/या परिणामी संतुलन बनाए जाने की पुष्टि के विषयाधीन हैं। ऐसी पुष्टि एवं समन्वय का, परिसंपत्तियों/देनदारियों और/या आय/व्यय पर प्रभाव, यदि कोई हो, तो वर्तमान में उसका पता लगा पाना संभव नहीं है।

4. ग्राहकों से प्राप्त होने वाले 1,24,647.66 लाख रुपये के संदर्भ में भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन में नोट सं. 21 के लिए संदर्भ आमंत्रित किया जाता है। व्यक्तिगत खातों की समीक्षा से पता चला कि ऐसे कई ग्राहक हैं जिन पर, वर्ष के समाप्त होने पर, 3 वर्ष से भी अधिक से बकाया है। इनमें से ज्यादातर अग्रिम सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और भारत सरकार के मंत्रालयों से लिया गया है और कंपनी द्वारा विभिन्न बैंकों में अलग–अलग ब्याज दरों एवं मैच्युरिटी प्रोफाइल पर सावधि जमा में निवेश कर दिया गया है।

   इस तथ्य को ध्यान में रख कर कि उपभोक्ता से मिलने वाले अग्रिम का प्रयोग नहीं किया गया और उसे सावधि जमा में निवेश कर दिया गया, प्रबंधन को ऐसे प्रत्येक अग्रिम एवं वापसी की, हर एक उपभोक्ता के साथ किए गए अनुबंध की नियमों एवं शर्तों के आधार पर समीक्षा करने की आवश्यकता है। ऐसे हर एक अग्रिम से संबंधित दस्तावेजों, अनुबंधों और विवरणों के न होने पर पूर्ववर्ती पैरा में संदर्भित मामलों का, इस तरह के विवरण के परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों/देनदारियों और/या आय/व्यय पर पड़ने वाला समग्र प्रभाव का वर्तमान में पता लगा पाना संभव नहीं है।

5. किए गए कार्य से संबंधित राजस्व, जिसके लिए 496.91 लाख रुपये के खर्च किए गए थे, वित्त वर्ष 2019–20 में आय एवं

व्यय खाता के विभिन्न मदों में लिखे गए थे, इन्हें अगले वित्त वर्ष (यानि 2020–21) में दर्ज किया गया जिसके कारण मिलान अवधारणा का पालन नहीं हो सका।

इसकी वजह से, कर के लिए 531.69 लाख रुपये की आमदनी एवं संचालन से राजस्व में 531.69 लाख रुपये की कमी दिखाई गई।

6. आय एवं व्यय खाते की नोट सं. 66 के संदर्भ में, विक्रेताओं द्वारा चालान जमा न किए जाने/देर से जमा किए जाने के कारण वित्त वर्ष–2019–20 के भारतीय–लेखांकन मानक फाइनेंशल्स में दर्ज नहीं किए गए खर्च के विवरण की वजह से कट–ऑफ प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया जा सका। इस प्रकार के बिलों को सक्षम अधिकारी द्वारा बाद में मंजूरी दिए जाने के बाद आगामी रिपोर्टिंग अवधि में दर्ज किया गया। परिसंपत्तियों/देनदारियों और/या आय/व्यय पर व्यय के देर से दर्ज किए जाने के प्रभाव का, सहायताप्राप्त परियोजनाओं पर, रिपोर्ट की जाने वाली तिथि पर विक्रेताओं द्वारा बिल जमा नहीं किए जाने के कारण, पता नहीं लगाया जा सकता है।

7. कंपनी ने महत्वपूर्ण लेखांकन नीति (देखें नोट 2 (VII)) के संदर्भ में चालान बनाते समय, 'नियंत्रण' के हस्तांतरण के समय पहचान किए जाने की बजाए वस्तुओं की बिक्री पर मिलने वाले राजस्व को गलत तरीके से पहचाने जाने के संबंध में कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम 2015 द्वारा निर्धारित "उपभोक्ताओं के साथ अनुबंध से मिलने वाले राजस्व" पर भारतीय लेखांकन मानक (Ind AS) 115 का पालन नहीं किया। रिपोर्ट की गई आमदनी, हानि और कंपनी की परिसंपत्तियों/देनदारियों पर, भारतीय लेखांकन मानक 115 के सदंर्भ में राजस्व के पहचान में इसके प्रभाव का वर्तमान में पता लगा पाना संभव नहीं है।

उपर दिए गए अनुच्छेद (1) से (7) में उल्लिखित मामलों का वर्ष में परिसंपत्तियों/देनदारियों और/या आय/व्यय एवं लाभ/हानि पर प्रभाव का पता नहीं लगाया जा सकता।

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन खंड के लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी में विस्तार से बताया गया है। हम, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं उसके नियमों के तहत भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्यकताओं एवं आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को भी पूरी किया है। हम मानते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य जुटाए हैं वे हमारी क्वालिफायड ओपिनियन के आधार हेतु पर्याप्त एवं उचित हैं।

विषय पर बल (Emphasis of Matter)

1. नोट सं. 50 के लिए संदर्भ आमंत्रित किया जाता है जिसमें वर्ष के दौरान इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगकी मंत्रालय, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के निर्देश पर वित्त वर्ष 2018–19 से प्रभावी कंपनी का संचालन मार्जिन को सहसंबद्ध किया गया और एवं ओएंडएम खर्च एवं बुनियादी/आईसीटी अवसंरचना के उन्नयन लागत के 7% पर अनुमोदित किया गया। इसके परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान शास्त्री पार्क एवं भुवनेश्वर नेशनल डाटा सेंटर की तुलना में कंपनी के संचालन मार्जिन में काफी कमी आई और इसका प्रभाव वर्ष के आय एवं व्यय खाते के लाभ पर भी दिखा।

2. हम भारतीय–लेखांकन मानक वित्तीय कथन के नोट सं. 44 पर ध्यान दिलाना चाहेंगे जिसमें भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली के भवन के संबंध में 931.50 लाख रुपये के संवहन/स्वामित्व लेख (टाइटल डीड) वर्ष के समाप्त होने तक पंजीकरण हेतु लंबित था।

उपर के अनुच्छेद (1) से (2) में रिपोर्ट किए गए मामलों के संदर्भ में हमारी राय नहीं बदली है।

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन एवं लेखापरीक्षक रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारियों के लिए भी उत्तरदायी है। अन्य जानकारियों में शामिल है– निदेशक की रिपोर्ट (लेकिन इसमें वित्तीय कथन एवं हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं होती)। इस लेखापरीक्षक रिपोर्ट की तिथि के बाद हमें निदेशक की रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

वित्तीय कथनों पर हमारा विचार है कि यह अन्य जानकारियों को शामिल नहीं करता और हम किसी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष नहीं देंगे।

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी है कि उपलब्ध कराए जाने पर हम उपर बताई गई अन्य जानकारी को पढ़ेंगे और ऐसे करते समय, इस बात पर विचार करेंगें कि क्या हमें दी गई अन्य जानकारी वित्तीय कथनों या लेखापरीक्षा से हमें मिलने वाली जानकारी के साथ असंगत है या अन्यथा वास्तव में गलत दिखाई दे रही है।

प्रबंधन एवं भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों के नियमन प्रभारियों की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन, व्यापक आमदनी, इक्विटी में परिवर्तन एवं नकद प्रवाह के बारे में भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत भारतीय लेखांकन मानक एवं अन्य लेखांकन सिद्धांतों का सच्चा एवं वास्तवित स्वरूप देने के लिए भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों को तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 134(5) में उल्लिखित मामलों का उत्तरदायी है। इस उत्तरदायित्व में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा एवं धोखाधड़ी एवं अन्य प्रकार की अनियमितताओं को रोकने एवं उनका पता लगाने हेतु अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड रखना; उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उनका प्रयोग करनाय उचित एवं विवेकपूर्ण फैसले करना एवं अनुमान लगानाय पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव करना भी शामिल है जो लेखांकन रिकॉर्डों की सटीकता एवं पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए कारगर तरीके से काम करती हो, भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन को तैयार एवं प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक हो और जो सही एवं उचित हो और धोखाधड़ी या गलती के कारण होने वाली वस्तुगत गलत–कथन से मुक्त हो।

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन तैयार करने में, प्रबंधन कंपनी के लाभकारी संस्था के रूप में काम करने की योग्यता का आकलन करने, लाभकारी संस्था से संबंधित मामलों का प्रकटीकरण, जैसा लागू हो और जब तक प्रबंधन का इरादा कंपनी को बेचने या उसका संचालन बंद करने का न हो, या ऐसा करने के सिवा कोई वास्तविक विकल्प न बचा हो, लेखांकन के लाभकारी संस्था आधार का प्रयोग करने का उत्तरदायी है।

ये निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया को देखने के भी उत्तरदायी हैं।

भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य क्या पूरा भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन चूक से मुक्त है, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या गलती के कारण के बारे में उचित आश्वसन प्राप्त करना एवं हमारे विचार शामिल करने वाला लेखापरीक्षक रिपोर्ट जारी करना है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है लेकिन इस बात की गारंटी नहीं है कि एसएएस के अनुसार की गई लेखापरीक्षा हमेशा वास्तवित चूक का पता लगा लेगी।

गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटी के कारण दिया जा सकता है और इसे तब वस्तुगत माना जाता है यदि, वह व्यक्तिगत हो या सामूहिक रूप से किया गया हो, इन भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों के आधार पर उपयोगकर्ताओं द्वारा किए जाने वाले आर्थिक फैसलों को इनके द्वारा यथोचित प्रभावित करने की उम्मीद की जा सकती है।

एसएएस के अनुसार लेखापरीक्षा के हिस्से के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संदेह बनाए रखते हैं। इसके अलावा हमः

- भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों के वस्तुगत गलत बयानी, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या गलती के कारण, के जोखिमों की पहचान और उनका आकलन करते हैं, इन जोखिमों के प्रति उत्तरदायी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन और निष्पादित करते हैं लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारे विचार/राय के आधार हेतु उचित एवं पर्याप्त हो। धोखाधड़ी के कारण वस्तुगत गलत बयानी का पता न चल पाने का जोखिम गलती के कारण की जाने वाली वस्तुगत गलत बयानी से अधिक है क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर की जाने वाली गलती, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रण को रद्द करना शामिल हो सकता है।
- परिस्थितियों के अनुसार उचित लेखा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के क्रम में लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के तहत हम कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के होने और ऐसे नियंत्रणों की संचालन प्रभावकारिता के बारे में अपने विचार व्यक्त करने के भी उत्तरदायी हैं।

- प्रयोग की जा रही लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता एवं लेखांकन अनुमानों और प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटीकरणों की तर्कशीलता का आकलन करने।
- लेखांकन के लाभकारी संस्था के आधार का प्रबंधन द्वारा उपयोग की उपयुक्तता का निष्कर्ष निकालना और प्राप्त हुए लेखापरीक्षा प्रमाण के आधार पर, बताना कि क्या कार्यक्रमों या परिस्थितियों से संबंधित अनिश्चितता कंपनी की लाभकारी संस्था बने रहने की क्षमता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि वस्तुगत अनिश्चितता है, तो हमें भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन में संबंधित प्रकटीकरण पर हमारे लेखापरीक्षक रिपोर्ट में इसके बारे में लिखना होगा या ऐसा प्रकट करना अपर्याप्त हो तो हमें हमारे विचार/राय को संशोधित करना होगा। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट तैयार किए जाने की तिथि तक जुटाए गए लेखापरीक्षा प्रमाणों पर आधारित है। हालांकि, भविष्य के कार्यक्रम या परिस्थितियां कंपनी के लाभकारी संस्था के रूप में काम करना बंद करने की वजह हो सकती हैं।
- प्रकटीकरणों समेत कुल प्रस्तुति, संरचना और भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन की सामग्री का आकलन करना और यह बताना कि क्या भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन अंतर्निहित लेनदेन एवं कार्यों को निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत कर रहा है।
- वित्तीय कथनों में, व्यक्तिगत रूप से या मिलीभगत से की गई गलत बयानी का डरावना परिणाम है भौतिकता, जिससे यह संभावना बनती है कि वित्तीय कथनों के उचित जानकार उपयोगकर्ता का आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकता है। हम (i) हमारे लेखा परीक्षा कार्य के दायरे में योजना बनाने एवं हमारे कार्यों के परिणाम का आकलन करने और (ii) वित्तीय कथनों में किसी भी प्रकार के पाए गए गलत बयानी के प्रभाव का आकलन करने के लिए मात्रात्मक भौतिकता एवं गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के साथ–साथ प्रशासन के प्रभारियों को लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे एवं समय और हमारी लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में हमें मिलने वाली महत्वपूर्ण कमियों समेत लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों के बारे में बताते हैं।

हम शासी अधिकारियों को एक विवरण कथन भी प्रदान करते हैं जिसमें बताते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में और उनके साथ संवाद करने हेतु सभी संबंधों एवं अन्य मामलों में, हमारी स्वतंत्रता पर उचित रूप से विचार किया जा सकता है, और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है।

अन्य कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. भारत की केंद्र सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की उप–धारा (11) के संदर्भ में जारी की गई कंपनी (लेखापरीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016('आदेश') के अनुच्छेद 3 और 4 में निर्दिष्ट मामले कोई टिप्पणी नहीं की गई है क्योंकि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत संचालन हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कंपनी को मिली छूट पर कथित आदेश कंपनी पर लागू नहीं होता।
2. अधिनियम की धारा 143 (3) की आवश्यकता के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं किः

   क) हमने वे सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरणों की मांग की और प्राप्त किया जो हमारे लेखापरीक्षा के लिए हमारी जानकारी एवं विश्वास में आवश्यक थीं;

   ख) उपर क्वालिफायड ओपिनियन अनुच्छेद हेतु आधार में वर्णित मामले के प्रभाव को छोड़कर, हमारी राय में, कंपनी ने अब तक कानून द्वारा अपेक्षित लेखा–जोखा बनाए रखा था, लेखा–जोखा की जांच से यह पता चलता है;

   ग) इस रिपोर्ट में जांचे गए बैलेंस शीट, आय एवं व्यय खाता, इक्विटी में परिवर्तन के कथन और नकद प्रवाह कथन लेखा पुस्तिका के अनुसार हैं;

   घ) क्वालिफायड ओपिनियन के आधार में वर्णित मामलों को छोड़कर, हमारी राय में, उपर उल्लिखित भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन अधिनियम की धारा 133 के तहत वर्णित भारतीय लेखांकन मानक का पालन करते हैं, इसे कंपनी अधिनियम (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पढ़ा जाएगा;

   ङ) उपर क्वालिफायड ओपिनियन अनुच्छेद हेतु आधार में वर्णित मामले, हमारी राय में, कंपनी के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैंय

च) चूँकि कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप–धारा (2), अधिसूचना सं. GSR–463 (E) दिनांक 05.06.2015 के संदर्भ में कंपनी पर लागू नहीं होती;

छ) खातों एवं अन्य मामलों के रख–रखाव के संबंध में योग्यता के बारे में उपर उल्लिखित क्वालिफायड ओपिनियन हेतु आधार के अनुच्छेद में बताया गया है;

ज) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता एवं ऐसे नियंत्रणों के संचालन प्रभावकारिता के संबंध में, हमारी रिपोर्ट का 'अनुबंध क' देखें। हमारी रिपोर्ट में वित्तीय रिपोर्टिंग में कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता एवं संचालन प्रभावकारिता पर क्वालिफायड ओपिनियन व्यक्त किया गया है;

झ) हमारे विचार से और हमें जो जानकारी एवं विवरण दिए गए थे, उसके अनुसार एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी पर, अधिसूचना सं. GSR–463 (E) दिनांक 05.06.2015 के संदर्भ में सरकारी कंपनी पर धारा 197 के प्रावधान जिसे अधिनियम की अनुसूची V के साथ पढ़ा जाएगा, लागू नहीं हैं;

ञ) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संदर्भ में, हमारी राय में और हमारी जानकारी एवं उपलब्ध कराए गए विवरणों के अनुसारः

i. कंपनी ने अपने भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव के बारे में बताया है (भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन नोट सं. 36 देखें);

ii. कंपनी का गौण अनुबंधों (डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स) समेत कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं था जिससे कोई वस्तुगत नुकसान हो।

iii. कंपनी द्वारा निवेशक विनिधानकर्ता शिक्षा एवं संरक्षण निधि में कोई धन हस्तांतरित किए जाने की आवश्यकता नहीं थी।

3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों पर हमारी अलग रिपोर्ट अनुबंध ख में संलग्न है।

अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 002405C)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29 जुलाई, 2020

अक्षय सेठी
साझेदार
सदस्यता संख्या : 539439
यूडीआईएनः– 20539439AAAACN6992

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन पर स्वतंत्र लेखा-परीक्षक रिपोर्ट का अनुबंध 'क'

(उसी दिन की हमारी रिपोर्ट के खण्ड "अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं" पर रिपोर्ट के तहत अनुच्छेद में संदर्भित)

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप–धारा 3 के उपखंड (i) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च 2020 तक नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेस इंक. ('कंपनी') की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का, इस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों की हमारी लेखापरीक्षा के संयोजन में लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों हेतु प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कंपनी का प्रबंधन कंपनी द्वारा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर मार्गदर्शन टिप्पणी ('मार्गदर्शन टिप्पणी/गाइडेंस नोट') में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड के आधार पर आंतरिक नियंत्रणों की स्थापना एवं उन्हें बनाए रखने को उत्तरदायी है। इन उत्तरदायित्वों में शामिल है– कंपनी के कारोबार को व्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से चलाना सुनिश्चित करने वाले पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन एवं रखरखाव करना। साथ ही कंपनी की नीतियों का पालन करना, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा करना, धोखाधड़ी एवं गड़बड़ियों को रोकना और उसका पता लगाना, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता एवं पूर्णता एवं कंपनी अधिनियम 2013, अधिनियम के तहत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी समय पर तैयार करना।

लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व है हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर अपनी विचार व्यक्त करना। हमने आईसीएआई द्वारा जारी एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्धारित मार्गदर्शन टिप्पणी (गाइडेंस नोट) और लेखांकन मानकों के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा की है, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर लागू सीमा तक, दोनों ही आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर लागू होते हैं और दोनों ही भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए हैं। इन मानकों एवं मार्गदर्शन टिप्पणी के अनुसार हमारे द्वारा नैतिक आवश्यकताओं का पालन किया जाना था एवं क्या वित्तीय रिपोर्टिंग में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाई रखी गई थी एवं ऐसे नियंत्रण सभी वस्तुगत संदर्भों में प्रभावी तरीके से संचालित होते हैं, के बारे में पर्याप्त आश्वासन प्राप्त करने हेतु लेखापरीक्षा की योजना बनाना एवं लेखापरीक्षा करना था।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता एवं उनकी संचालन प्रभावकारिता के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने हेतु की जाने वाली प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की हमारी लेखापरीक्षा में शामिल है–वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर समझ प्राप्त करना, वर्तमान वस्तुगत कमी के जोखिम का आकलन करना एवं आकलित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन एवं संचालन प्रभावकारिता का मूल्यांकन करना। चुनी गई प्रक्रिया लेखापरीक्षा के निर्णय पर निर्भर करती है। इसमें भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों की वस्तुगत गलतियों, चाहे वह धोखाधड़ी की वजह से हो या गलती से, के जोखिम का आकलन करना शामिल है।

हम मानते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त किए हैं वे, वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय के आधार हेतु पर्याप्त एवं उचित हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान

करने हेतु डिजाइन किया गया एवं सामान्य स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों को तैयार करने एक प्रक्रिया है। एक कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल होती हैं जो (1) अभिलेखों के रखरखाव से संबंधि हो, विस्तार से, कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन–देन एवं निपटान को सटीक एवं निष्पक्षता से दर्शाती हों; (2) सामान्य स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों को तैयार करने के लिए आवश्यक आश्वासन प्रदान करती हों और बताती हों कि कंपनी की प्राप्तियां एवं व्यय केवल प्रबंधन एवं कंपनी के निदेशकों की अनुज्ञा के अनुसार की जाती हैं; और (3) कंपनी की ऐसी परिसंपत्तियों को अनधिकृत रूप से अधिगृहित, उपयोग या निपटान किए जाने को रोका या समय पर पता लगा लिए जाने का उचित आश्वासन प्रदान करती हों कि जिनका भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता हो।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं की वजह से, नियंत्रणों को रद्द करने या अनुचित प्रबंधन की संभावना समेत, गलतियों या धोखाधड़ी के कारण वस्तुगत गलत बयानी हो सकती है और उसका पता भी नहीं लगाया जा सकता। इसके अलावा, भविष्य में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का कोई भी मूल्यांकन अनुमान परिस्थितियों में बदलाव के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त होने या नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की डिग्री कम होने के जोखिम के अधीन है।

क्वालिफायड ओपिनियन

हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार और हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर, हमने निम्नलिखित मामलों के संबंध में 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वित्तीय कथनों पर हमारी क्वालिफायड ऑडिट ओपिनियन तैयार किया है, जिसमें वर्तमान आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत किए जाने की आवश्यकता है:

क. वेंडर शेष का समन्वय/पुष्टि क्योंकि इसके कारण बकाया शेष में महत्वपूर्ण गलत बयानी हो सकती है;

ख. वेंडरों को प्रदर्शन बैंक गारंटी वापस करना क्योंकि इसकी वजह से दोषी वेंडरों से नुकसान की भरपाई न कर पाने की संभावना हो सकती है;

ग. उपलब्ध निधि के संभावित अपर्याप्त उपयोग से बचने के लिए ग्राहकों/विभागों द्वारा कंपनी के बैंक खाते में सीधे/इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी गई धनराशी का लेखांकन;

घ. ग्राहकों से बकाया एवं वेंडरों से अग्रिम की वसूली एवं उनका फॉलो अप करना क्योंकि ऐसा न करने से ग्राहकों और वेंडरों के अग्रिम से बकाया देय में महत्वपूर्ण गलत बयानी हो सकती है; और

ङ. संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का भौतिक सत्यापन जिनका लेखांकन, वर्गीकरण एवं उपरोक्त के प्रकटीकरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता हो।

च. कंपनी ने आय एवं व्यय बिल को दर्ज करते समय कट ऑफ प्रक्रियाओं एवं मिलान अवधारण (मैचिंग कॉन्सेप्ट) का पालन नहीं किया है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में 'आर्थिक दुर्बलता (material weakness)' एक कमी या कमियों का संयोजन है जैसे कि इस बात की पूरी संभावना है कि कंपनी के वार्षिक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों में होने वाली महत्वपूर्ण गलत बयानी को रोका न जा सके या समय पर उनका पता न लगाया जा सके।

हमारे विचार से, नियंत्रण मानदंड के उद्देश्यों को प्राप्त करने पर उपरोक्त वर्णित आर्थिक दुर्बलता के प्रभावों/संभावित प्रभावों के अलावा, कंपनी ने, सभी आर्थिक पहलुओं में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए रखा है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च 2020 तक प्रभावी रूप से काम कर रहे थे, यह भारतीय सनदी लेखांकन संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार कर कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित है।

हमने कंपनी की 31 मार्च 2020 तक की भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों की हमारी लेखापरीक्षा पर लागू होने वाली लेखापरीक्षा जांचों की प्रकृति, समय और सीमा के निर्धारण में उपर पहचान एवं रिपोर्ट की गई आर्थिक दुर्बलताओं पर विचार किया है और ये आर्थिक दुर्बलताएं कंपनी की भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों पर हमारे विचारों को प्रभावित नहीं करतीं।

अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार
(FRN002405C)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29 जुलाई, 2020

अक्षय सेठी
साझेदार
सदस्यता सं.: 539439
यूडीआईएन : 20539439AAAACN6992

31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन पर स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध 'ख'

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के तहत भारत के नियंत्रक एवम महा लेखा – परीक्षक द्वारा जारी निर्देशो पर रिपोर्ट

1. **क्या कंपनी के पास आईटी सिस्टम के माध्यम से सभी लेखांकन लेन–देन करने की व्यवस्था है? यदि हाँ, तो वित्तीय निहितार्थों, यदि हो, के साथ–साथ खातों की प्रमाणिकता पर आईटी सिस्टम के बाहर लेखांकन लेन–देन की प्रक्रियाओं के प्रसंस्करण के आशय को बताया जा सकता है।**

   कंपनी के पास ईआरपी (ERP) लेखांकन सॉफ्टवेयर के माध्यम से सभी लेखांकन लेन–देन प्रक्रिया संचालित करने की लेखांकन प्रणाली है जिसे पिछले वर्ष 01 जुलाई 2017 के दौरान प्रयोग में लाया गया था। हालांकि, पिछले वर्ष प्रयोग में लाए गए ईआरपी (ERP) सॉफ्टवेर का किसी बाहरी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा सिस्टम ऑडिट करा कर सत्यापन नहीं कराया गया था। आंकड़ों की प्रमाणिकता में इस सिस्टम की संभावित कमियों के कारण भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथनों में बताए गए संपत्ति/देनदारियों और/या आय/व्यय प्रकटीकरण पर किसी प्रकार का प्रभाव, यदि हो, का वर्तमान में पता नहीं लगाया जा सकता।

   इसके अलाव, अचल संपत्ति में वृद्धि/कमी/मूल्यह्रास के संबंध में लेखांकन हाथों से (मैनुअली) किया जाता है और फिर उसे ईआरपी (ERP) सिस्टम में डाला जाता है क्योंकि ईआरपी (ERP) में ऑटोमेशन मॉड्यूल नहीं है। इंसानी चूक के कारण होने वाली संभावित गलतियों से बचने के लिए कथित प्रक्रिया को जल्द–से–जल्द स्वचालित बनाए जाने की सलाह दी जाती है।

2. **क्या किसी वर्तमान ऋण का पुनर्गठन किया गया है या कंपनी की ऋण चुकाने की अक्षमता के कारण ऋणदाता द्वारा ऋण/कर्ज/ब्याज आदि पर छूट/बट्टा खाता में डाल देने का मामला है? यदि हाँ, तो इसके वित्तीय प्रभाव को बताया जा सकता है।**

   लागू नहीं होता क्योंकि वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी पर कोई ऋण बकाया नहीं था। तदनुसार, कंपनी की ऋण चुकाने की अक्षमता के कारण ऋणदाता द्वारा ऋण/कर्ज/ब्याज आदि पर छूट/बट्टा खाता में डाल देने का कोई मामला नहीं था।

3. **केंद्र/राजकीय एजेंसियों से विशेष योजनाओं हेतु मिली/मिलने वाली धनराशि का, उसके नियमों और शर्तों के अनुसार उचित तरीके से उपयोग किया गया? ऐसा न कर पाने वाले मामलों की सूची बनाएं।**

   वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी द्वारा किसी भी केंद्रीय/राजकीय एजेंसी से किसी प्रकार का धन न तो प्राप्त किया गया ना प्राप्य हुआ। इसलिए उनके उचित लेखांकन एवं उपयोग का प्रश्न नहीं उठता।

अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार
(फर्म पंजीकरण संख्या 002405C)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29 जुलाई, 2020

अक्षय सेठी
साझेदार
सदस्यता सं.: 539439
यूडीआईएन: 20539439AAAACN6992

31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक. के वित्तीय कथन पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(बी) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा -परीक्षक की टिप्पणियां

31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के तहत वित्तीय रिपोर्टिंग रूपरेखा के अनुसार नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेस इंक. (एनआईसीएसआई) के वित्तीय कथन तैयार करने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। अधिनियम की धारा 139 (5) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त संवैधानिक लेखा परीक्षक/लेखापरीक्षको, अधिनियम की धारा 143(10) के तहत निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के तहत वित्तीय कथनों पर अपने विचार देने के उत्तरदायी हैं। बताया गया है कि ऐसा दिनांक 29.07.2020 की उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट के माध्यम से किया गया है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ओर से, मैंने, अधिनियम की धारा 143(6)(ए) के तहत 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एनआईसीएसआई के वित्तीय कथनों का पूरक लेखापरीक्षण किया था। यह पूरक लेखापरीक्षा, वैधानिक लेखा परीक्षकों के कार्यपत्रों के बिना स्वतंत्र रूप से की गई थी और यह मुख्य रूप से वैधानिक लेखापरीक्षकों एवं कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ और कुछ लेखा अभिलेखों की चयनात्मक परीक्षण तक सीमित है।

मेरी पूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, मैं अधिनियम की धारा 143(6)(बी) के तहत कुछ महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डालना चाहूंगा जिन्होंने मेरा ध्यान आकर्षित किया और मेरे विचार से जो वित्तीय कथनों एवं संबंधित लेखापरीक्षा रिपोर्टों की बेहतर समझ के लिए अनिवार्य हैं।

1. बैलेंस शीट

परिसंपत्तियां– वर्तमान देयताएं–वित्तीय देयताएं

व्यापार देय (नोट सं. 19)– 24408.60 लाख रुपये

वर्ष 2019–20 के दौरान वेंडरों से प्राप्त की जाने वाली सेवाओं से संबंधित खर्चों का लेखा–जोखा नहीं होने के उपर बताए गए मद में 1118.02 लाख रुपये कम कर के बताया गया। इसमें खर्च की निम्नलिखित दो श्रेणियां हैं:

क) 675.96 लाख रुपये की सेवाएं जिनके लिए 28 फरवरी 2020 और 31 मार्च 2020 के बीच बिल प्रस्तुत किए गए थे।

ख) 442.06 लाख रुपये की सेवाएं जिनके लिए 01 अप्रैल 2020 और 23 जून 2020 के बीच बिल प्रस्तुत किए गए थे।

इसके परिणामस्वरूप ही वर्तमान देयताओं (व्यापार भुगतान) एवं व्यय में 1118.02 लाख रुपयों की कमी दर्शायी गई।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–
(मनीष कुमार)
प्रधान लेखापरीक्षा निदेशक
(वित्त एवं संचार)

तिथिरू 23–10–2020

स्थानः नई दिल्ली

BOARD OF DIRECTORS

(As on 31-03-2020)

Chairman	:	Shri S. Gopalakrishnan, IAS, Additional Secretary, MeitY
Director	:	Ms. Jyoti Arora, IAS, SS & FA, MeitY
		Shri Jaideep Mishra, JS, MeitY
		Dr. B. K. Murthy, Scientist-G, MeitY
		Smt. Geeta Kathpalia, Scientist-G, MeitY & DG, ERNET India (as IT Specialist)
		Shri Nagesh Shastri, DDG, NIC
		Mrs. Rachna Srivastava, DDG, NIC
		Shri Pawan Kumar Joshi, DDG, NIC
		Shri Shahid Ahmed, Scientist-G, NIC
		Shri K. Srinivasa Raghavan, Scientist-G & SIO (TN), NIC
		Shri Prakash Rao, Scientist-F & SIO (MP), NIC
		Shri Prashant Kumar Mittal, MD, NICSI
Company Secretary	:	Shri Sunny Jain
Auditors	:	M/s. Agarwal & Saxena (CR0604), Chartered Accountants, I-79, 7th Floor, Himalaya House, 23, K.G.Marg, New Delhi-110001
Registered Office	:	Hall No. 2 & 3, 6th Floor, NBCC Tower, 15th, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066
Bankers	:	Union Bank of India, Bank of India, CGO Complex Lodhi Road, Union Bank Of India, Punjab National Bank, State Bank of India, Bhikaji Cama Place, New Delhi and ICICI Bank Ltd, safdarjung Enclave, New Delhi

BOARD OF DIRECTORS
(As on 30-09-2020)

Chairman	:	Dr. Rajendra Kumar, IAS, Additional Secretary, MeitY
Director	:	Ms. Jyoti Arora, IAS, SS & FA, MeitY
		Shri Jaideep Mishra, JS, MeitY
		Dr. B. K. Murthy, Scientist-G, MeitY
		Smt. Geeta Kathpalia, Scientist-G, MeitY & DG, ERNET India (as IT Specialist)
		Shri Nagesh Shastri, DDG, NIC
		Mrs. Rachna Srivastava, DDG, NIC
		Shri Pawan Kumar Joshi, DDG, NIC
		Shri Shahid Ahmed, Scientist-G, NIC
		Shri K. Srinivasa Raghavan, Scientist-G & SIO (TN), NIC
		Shri Prakash Rao, Scientist-F & SIO (MP), NIC
		Shri Prashant Kumar Mittal, MD, NICSI
Company Secretary	:	Shri Sunny Jain
Auditors	:	M/s. Agarwal & Saxena (CR0604), Chartered Accountants, I-79, 7th Floor, Himalaya House, 23, K.G.Marg, New Delhi-110001
Registered Office	:	Hall No. 2 & 3, 6th Floor, NBCC Tower, 15th, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066
Bankers	:	Union Bank of India, Bank of India, CGO Complex Lodhi Road, Union Bank Of India, Punjab National Bank, State Bank of India, Bhikaji Cama Place, New Delhi and ICICI Bank Ltd, safdarjung Enclave, New Delhi

NOTICE
25th ANNUAL GENERAL MEETING

Notice is hereby given to the Members of National Informatics Centre Services Incorporated (NICSI) that its 25th Annual General Meeting is scheduled to be held on Wednesday, 30th December, 2020, at 03:00 PM at Conference Room No. 4009, 4th Floor, Ministry of Electronics and Information Technology, Electronics Niketan, 6, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003, to carry out the following business:

ORDINARY BUSINESS

